

# सब का सपना

निष्पक्ष व निडर - हिंदी दैनिक समाचार पत्र



भारत का फीफा विश्व कप खेलने का सपना अब भी जीवंत है: पेज: 7

एआर रहमान ने रणबीर कपूर की फिल्म में काम करने पेज: 8

वर्ष : 01 | अंक : 280 | सोमवार 19 जनवरी 2026 | अमरोहा (उत्तर प्रदेश) | www.sabkasapna.com | पृष्ठ : 08 | मूल्य: 2 रुपए


## जम्मू-कश्मीर के किश्तवाड़ में मुठभेड़, जैश के 3 आतंकियों के छुपे होने की आशंका

**नई दिल्ली एजेंसी:** जम्मू और कश्मीर के किश्तवार जिले के एक सुदूर वन क्षेत्र में सुरक्षा बलों और आतंकवादियों के बीच मुठभेड़ छिड़ गई। दोपहर के आसपास छतरू क्षेत्र के मन्द्रल-सिंघोरा के पास सोनार गांव में शुरू किए गए घेराबंदी और तलाशी अभियान के दौरान गोलीबारी शुरू हुई। सूत्रों के अनुसार, आतंकवादियों ने तलाशी दल पर गोलीबारी की, जिसके जवाब में सुरक्षा बलों ने तुरंत जवाबी कार्रवाई की। गोलीबारी के बाद, पूरे इलाके को घेर लिया गया और अभियान को मजबूत करने के लिए अतिरिक्त सुरक्षा बलों को मौके पर भेजा गया। घने जंगल में तलाशी अभियान जारी है। जैश-ए-मोहम्मद के आतंकवादी फंसे सूत्रों के अनुसार, जैश-ए-मोहम्मद (जेईएम) के आतंकवादियों का एक समूह इलाके में फंसा हुआ है। हालांकि, आतंकवादियों की पहचान और संख्या के बारे में आधिकारिक पुष्टि अभी बाकी है।

# पीएम मोदी ने कांग्रेस पर बोला हमला, कहा- असम की धरती घुसपैठियों को सियासी फायदे के लिए दी गई

**नई दिल्ली एजेंसी:** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने आरोप लगाए हैं कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम में अस्थिरता पैदा की और राज्य को हिंसा की आग में धकेला। उन्होंने कहा कि कांग्रेस ने सिर्फ सरकारें बनाने और कुछ वोट पाने के लिए असम की धरती को घुसपैठियों को सौंप दिया था। पीएम मोदी ने असम में काजीरंगा कॉरिडोर का भूमि पूजन किया, नई ट्रेनों को हरी झंडी दिखाई और कांग्रेस पर अस्थिरता फैलाने का आरोप लगाया प्रधानमंत्री मोदी ने रविवार को असम में काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर प्रोजेक्ट का भूमि पूजन किया। उन्होंने दो नई अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को भी हरी झंडी दिखाई। इस अवसर पर कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने अपने सियासी फायदे के लिए असम



में अस्थिरता पैदा की और असम को हिंसा की आग में धकेला। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस ने स्वतंत्रता के बाद असम में समस्याओं को सुलझाने की बजाय सियासी लाभ के लिए उपेक्षा और विभाजन फैलाया उन्होंने कहा कि आजादी के बाद असम के सामने बड़ी चुनौतियां थीं, लेकिन कांग्रेस ने उन समस्याओं का समाधान खोजने की बजाय उस पर सियासी रोटियां सेंकी। उन्होंने कहा कि जब विश्वास की जरूरत थी, तब कांग्रेस ने विभाजन को बढ़ाया। जब संवाद की जरूरत थी, तब कांग्रेस ने उपेक्षा की और बातचीत के रास्ते बंद किए। जब जरूरत अपने लोगों के जख्म भरने और असम के लोगों की सेवा करने की थी, तब कांग्रेस असम के दरवाजे घुसपैठियों के आवभगत में लगी रही। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस असम में विदेशी घुसपैठियों को बढ़ावा देती रही, जिससे उनका वोट बैंक मजबूत और असम की जमीन पर कब्जा

### इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं......

**प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की और दूरी स्थानों की रही। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास दूसरी जगह हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा, बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया।**

बढ़ा पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस असम के लोगों को अपना नहीं मानती है। कांग्रेस के लोगों को विदेशी घुसपैठिए ज्यादा पसंद हैं, क्योंकि वे यहां आकर कांग्रेस के कट्टर वोट बैंक बन जाते हैं। इसलिए कांग्रेस के राज में विदेशी घुसपैठिए आते रहे, असम की लाखों बीघा जमीन पर कब्जा करते रहे और कांग्रेस सरकार उनकी मदद करती रही। पीएम मोदी ने कहा कि कांग्रेस असम की संस्कृति और सम्मान को नजरअंदाज करती रही, भारत रत्न भूपेन हजारिका और सेमीकंडक्टर यूनिट लगाने का विरोध किया उन्होंने कहा कि जब हम असम की कला, संस्कृति और पहचान का सम्मान करते हैं, तो कुछ लोग ऐसे भी हैं, जिन्हें तकलीफ हो जाती है। असम का सम्मान कांग्रेस के लोगों को अच्छा नहीं लगता। कांग्रेस ने भूपेन हजारिका जी को भारत रत्न देने का विरोध किया था। कांग्रेस के कर्नाटक सरकार के मंत्री ने असम में सेमीकंडक्टर यूनिट का विरोध किया था। पीएम मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट में दूरी और उपेक्षा की पीड़ा रही, भाजपा ने भरोसा और विकास की भावना को बदलने का काम किया, जिससे क्षेत्र में समग्र प्रगति संभव हुई प्रधानमंत्री मोदी ने कहा कि नॉर्थ ईस्ट की सबसे बड़ी पीड़ा हमेशा दूरी की रही है। दूरी दिलों की और दूरी स्थानों की रही। दशकों तक यहां के लोगों को ये महसूस होता रहा कि देश का विकास दूसरी जगह हो रहा है और वे पीछे छूट रहे हैं। इसका असर सिर्फ अर्थव्यवस्था पर नहीं पड़ा, बल्कि भरोसे पर भी पड़ा। इस भावना को बदलने का काम भाजपा ने किया।

## पीएम मोदी ने काजीरंगा कॉरिडोर की आधारशिला रखी, दो अमृत भारत ट्रेन को हरी झंडी दिखाई

**नई दिल्ली एजेंसी:** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने रविवार को असम के नगांव जिले में 6,957 करोड़ रुपये की काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर परियोजना की आधारशिला रखी और दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों को डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। असम की अपनी दो दिवसीय यात्रा के अंतिम चरण में गुवाहाटी से यहां पहुंचे मोदी ने काजीरंगा परियोजना के भूमि पूजन में हिस्सा लिया। एक अधिकारी ने कहा कि यह कॉरिडोर काजीरंगा राष्ट्रीय उद्यान और बाघ अभ्यारण्य के निकट वन्यजीवों की सुरक्षित आवाजाही सुनिश्चित करने, राष्ट्रीय राजमार्ग-715 पर सड़क दुर्घटनाओं पर अंकुश लगाने और ईको टूरिज्म को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बनाया



जाएगा, जबकि स्थानीय रोजगार के अवसर भी पैदा होंगे। यह परियोजना राष्ट्रीय राजमार्ग-715 के कलियाबोर-नुमलिगढ़ खंड को चौड़ी करने के लिए जारी परियोजना का हिस्सा है, और इसमें करीब 34.45 किलोमीटर मीटर लंबा एलिवेटेड और वन्यजीवों के अनुकूल कॉरिडोर होगा, साथ ही जखलाबंधा और बोकाखत में बाईपास भी बनाए जाएंगे। मोदी ने काजीरंगा एलिवेटेड कॉरिडोर के एक मॉडल का भी निरीक्षण किया। प्रधानमंत्री ने दो अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेनों डिब्रूगढ़-गोमती नगर (लखनऊ) और कामाख्या-रोहतक को भी डिजिटल माध्यम से हरी झंडी दिखाई। अधिकारी ने कहा कि ये ट्रेन असम और पश्चिम बंगाल, बिहार, उत्तर प्रदेश, दिल्ली और हरियाणा जैसे विभिन्न राज्यों के बीच लंबी दूरी की रेल कनेक्टिविटी में महत्वपूर्ण सुधार लाएंगी, यात्रा का समय कम होगा, और आधुनिक यात्री सुविधाएं मिलेंगी।

प्रधानमंत्री ने इससे पहले एक पोस्ट में कहा कि वह असम के कलियाबोर में प्रमुख विकास कार्यों के भूमि पूजन के लिए उत्सुक हैं। उन्होंने एक्स पर लिखा, आज मैं कालियाबोर, असम के काजीरंगा में 35 किलोमीटर लंबे एलिवेटेड कॉरिडोर समेत प्रमुख विकास कार्यों के भूमि पूजन को लेकर उत्सुक हूं। इससे विशेष रूप से मानसून के दौरान जानवरों की सुरक्षा में महत्वपूर्ण योगदान मिलेगा।

## लोकतंत्र की रक्षा करिए...मंच पर मौजूद थे सीजेआई सूर्यकांत, तभी ईडी का जिक्र कर ममता ने क्या कहा?

**बंगाल एजेंसी:** पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत से संविधान लोकतंत्र और न्यायपालिका की स्वतंत्रता की रक्षा करने की अपील की, साथ ही उन्होंने जांच एजेंसियों के दुरुपयोग के खिलाफ भी चेतावनी दी। कलकत्ता उच्च न्यायालय के जलपाईगुड़ी सर्किट बेंच भवन के उद्घाटन के अवसर पर बोलते हुए, बनर्जी ने मुख्य न्यायाधीश से यह सुनिश्चित करने का आग्रह किया कि नागरिकों को गलत तरीके से निशाना न बनाया जाए। उन्होंने कहा कि कृपया संविधान लोकतंत्र, न्यायपालिका इतिहास और भूगोल के साथ-साथ देश की सीमाओं को भी आपदा से बचाएं। मुख्य न्यायाधीश को संविधान का संरक्षक बताते हुए



बनर्जी ने कहा कि न्यायपालिका को पूर्वाग्रह से मुक्त रहना चाहिए। तृणमूल कांग्रेस प्रमुख ने मीडिया ट्रायल का मुद्दा भी उठाया और तर्क दिया कि अदालतों द्वारा फैसला सुनाए जाने से पहले ही मामलों पर सार्वजनिक रूप से बहस होने लगी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि मामलों के अंतिम निर्णय से पहले मीडिया ट्रायल नहीं होना चाहिए। यह लोगों को बदनाम करने का एक जरिया बन गया है। कृपया सुनिश्चित करें कि एजेंसियां जानबूझकर नागरिकों को बदनाम करने का प्रयास न करें। मैं अपनी ओर से नहीं बोल रहा हूं। मैं यह लोकतंत्र, जनता, न्यायपालिका और संविधान को बचाने के लिए कह रहा हूं। हम आपकी देखरेख में हैं। आपसे ऊपर कोई नहीं है। मुख्यमंत्री की यह टिप्पणी पश्चिम बंगाल में प्रवर्तन निदेशालय और तृणमूल कांग्रेस सरकार के बीच बढ़ते गतिरोध के बीच आई है, जो संघीय एजेंसी द्वारा मनी लॉन्ड्रिंग जांच के सिलसिले में तृणमूल की राजनीतिक परामर्श फर्म आई-पीएसी सहित 10 स्थानों पर छापेमारी के बाद शुरू हुआ था। इसी कार्यक्रम के दौरान ममता बनर्जी ने विधि समुदाय की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए कहा कि कनिष्ठ वकील संघर्ष कर रहे हैं और उन्हें उनके उचित लाभ नहीं मिल रहे हैं। उन्होंने मुख्य न्यायाधीश से पेशे में प्रवेश करने वाली नई पीढ़ी का विशेष ध्यान रखने का आग्रह किया। न्यायिक अवसंरचना के विषय पर मुख्यमंत्री ने कहा कि केंद्र द्वारा वित्त पोषण रोके जाने के बावजूद बंगाल सरकार ने त्वरित न्यायालयों का विस्तार किया है।

## स्वास्थ्य के क्षेत्र में उत्तर प्रदेश सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार है : योगी आदित्यनाथ

**लखनऊ एजेंसी:** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने रविवार को कहा कि स्वास्थ्य क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है। चिकित्सा प्रौद्योगिकी एवं स्वास्थ्य देखभाल पारिस्थितिकी तंत्र में निवेश, नवाचार और वैश्विक सहयोग के लिए यहां आयोजित तीन दिवसीयह्यूपी हेल्थ टेक कॉन्क्लेव की शुरूआत करते हुए योगी आदित्यनाथ ने कहा, हमारे लिए यह सम्मेलन इसलिए महत्वपूर्ण है कि इस क्षेत्र का सबसे बड़ा उपभोक्ता बाजार उत्तर प्रदेश है। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश की आबादी 25 करोड़ है और उसके साथ ही अगल-बगल के राज्य तथा पड़ोसी देश नेपाल की भी स्वास्थ्य सुविधाओं का भार इस प्रदेश पर पड़ता है। उन्होंने 2014 में देश में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में सरकार बनने और 2017 में उत्तर प्रदेश में भाजपा की सरकार बनने के बाद स्वास्थ्य क्षेत्र में हुए बदलावों का दावा करते



हुए कहा कि इस राज्य ने भारत सरकार के साथ मिलकर पिछले आठ-नौ वर्षों के अंदर स्वास्थ्य क्षेत्र में परिवर्तन करने में व्यापक सफलता प्राप्त की है। स्वास्थ्य क्षेत्र में आधारभूत ढांचे को बेहतर करने का प्रयास किया है। योगी आदित्यनाथ ने कहा, 2017 से पहले उत्तर प्रदेश में सरकारी और निजी क्षेत्र को मिलाकर कुल 40 मेडिकल कालेज थे और आज उत्तर प्रदेश में 81 मेडिकल कालेज पूरी तरह क्रियाशील हैं, दो एम्स हैं, लगभग जिला स्तर के 100 से अधिक अस्पताल हैं, जो सरकार द्वारा संचालित होते हैं। उन्होंने कहा कि प्रदेश में प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्र (पीएचसी), सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र (सीएचसी) और ह्यवेलनेस सेंटर की लंबी श्रृंखला है जो दूर दराज के क्षेत्रों में स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध कराती है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पिछले 11 वर्षों में व्यापक परिवर्तन और सुविधा मजबूत होने के साथ ही अकेले उत्तर प्रदेश में साढ़े पांच करोड़ प्रधानमंत्री आयुष्मान गोल्डन कार्ड जारी किए गए और उनके लाभार्थियों को प्रति वर्ष पांच लाख रुपये की स्वास्थ्य सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है।

## रहमान की चिंताओं पर जावेद अख्तर की टिप्पणी मुस्लिमों की वास्तविकता से मेल नहीं खाती : महबूबा मुफ्ती

**नई दिल्ली एजेंसी:** पीपुल्स डेमोक्रेटिक पार्टी (पीडीपी) की अध्यक्ष महबूबा मुफ्ती ने रविवार को कहा कि गीतकार और पटकथा लेखक जावेद अख्तर बॉलीवुड के कथित सांप्रदायिकरण को लेकर संगीतकार ए आर रहमान की चिंताओं को खारिज करके भारतीय मुसलमानों की वास्तविकताओं का खंडन कर रहे हैं। मुफ्ती ने सोशल मीडिया मंच एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जब जावेद अख्तर बॉलीवुड में बढ़ते सांप्रदायिकरण को लेकर ए आर रहमान की चिंताओं को खारिज करते हैं, तो वह भारतीय मुसलमानों के वास्तविक अनुभवों का खंडन करते हैं, जिसमें उनकी पत्नी शबाना आजमी के अनुभव भी शामिल हैं, जिन्होंने खुले तौर पर यह कहा है कि उन्हें बंबई जैसे महानगर में सिर्फ.मुसलमान होने की वजह से मकान किराए पर देने से इनकार कर दिया गया था। मीडिया में आयी



खबरों के अनुसार, अख्तर ने कहा कि रहमान को बॉलीवुड में काम के कम अवसर मिलने में कोई सांप्रदायिक तत्व शामिल नहीं है। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री ने कहा, बॉलीवुड हमेशा से देश की सामाजिक सच्चाइयों को प्रतिबिंबित करता हुआ एक जीवंत मिनी-इंडिया रहा है। ऐसे अनुभवों को नजरअंदाज कर देने से आज के भारत की सच्चाई नहीं बदल जाती।

## 'ऑपरेशन सिंदूर' भारत की सैन्य शक्ति और प्रधानमंत्री की राजनीतिक इच्छाशक्ति का प्रमाण: अमित शाह

**नई दिल्ली एजेंसी:** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को कहा कि ऑपरेशन सिंदूर भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण है, जिसे प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सशस्त्र बलों की निर्णायक मारक क्षमता से बल मिला। गृह मंत्री ने शनिवार को भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेले के दौरान ये टिप्पणियां कीं। शाह ने वंदे मातरम पवेलियन व ह्यऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया और देश के पहले गृह मंत्री सरदार वल्लभभाई पटेल पर केंद्रित विशेष प्रदर्शनी भी देखी। उन्होंने कहा कि बंकिम चंद्र चट्टोपाध्याय द्वारा रचित साहित्यिक कृति आनंद मठ में वर्णित वंदे मातरम् गीत ने लाखों भारतीयों को स्वतंत्रता संग्राम छेड़ने और ब्रिटिश शासन को समाप्त करने के लिए प्रेरित किया। शाह ने जनता से मेले में आने का आग्रह किया और बच्चों को आनंद मठ की प्रतियां वितरित कीं। शाह ने एक्स पर कहा, नयी दिल्ली विश्व



पुस्तक मेले में अपने जैसे पुस्तक प्रेमियों के साथ शामिल हुआ। पुस्तकें ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम माध्यम हैं और व्यक्ति को उम्र की परवाह किए बिना पढ़ना जारी रखना चाहिए। पढ़ने की आदत तेजी से लुप्त हो रही है और मेरा मानना है कि पुस्तकें, चाहे डिजिटल हों या मुद्रित, ज्ञान प्राप्त करने का सर्वोत्तम तरीका हैं। गृह मंत्री ने सात नवंबर, 1875 को साहित्यिक पत्रिका बंगदर्शन में पहली बार प्रकाशित राष्ट्रगीत के प्रति सम्मान व्यक्त किया। सरकार द्वारा जारी एक बयान में शाह के हवाले से कहा गया, ऑपरेशन सिंदूर प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति, सशस्त्र बलों की निर्णायक मारक क्षमता और सटीक खुफिया जानकारी से संचालित भारत की अजेय सैन्य शक्ति का प्रमाण था। मैंने नयी दिल्ली विश्व पुस्तक मेले में ऑपरेशन सिंदूर पवेलियन का दौरा किया। यह पवेलियन युवा पीढ़ी को देशभक्ति और राष्ट्र के प्रति प्रतिबद्धता से प्रेरित करता है। गृह मंत्री ने मेले में सरदार पटेल पर विशेष प्रदर्शनी का भी दौरा किया।

# पीएम मोदी का 'ऐतिहासिक' असम दौरा: कार्बी समुदाय के साथ बैठक स्थगित, जानें क्या है पूरा मामला

**असम एजेंसी:** असम के मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने शनिवार को घोषणा की कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो दिवसीय राज्य दौरे के कारण सरकार और कार्बी समुदाय के प्रतिनिधियों के बीच निर्धारित वार्ता स्थगित कर दी गई है और नई तिथि की घोषणा जल्द ही की जाएगी। मुख्यमंत्री सरमा ने कहा कि यह निर्णय प्रधानमंत्री के असम के "ऐतिहासिक दौरे" को देखते हुए लिया गया है और उन्होंने कार्बी समाज को आश्वासन दिया कि उनकी चिंताएं सरकार के लिए सर्वोपरि हैं। सरमा ने अपने पोस्ट में लिखा कि माननीय प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम के ऐतिहासिक दौरे के कारण सरकार और कार्बी समाज के बीच आज निर्धारित वार्ता स्थगित कर दी गई है। मैं कार्बी समाज के सम्मानित सदस्यों को आश्वस्त करना चाहता हूं कि उनकी चिंताएं हमारे लिए महत्वपूर्ण हैं। वार्ता जल्द से जल्द पुनर्निर्धारित की जाएगी और हम ईमानदारी से संवाद, आपसी सम्मान और समझ के माध्यम से सभी मुद्दों को हल करने के लिए प्रतिबद्ध हैं। प्रधानमंत्री मोदी 17 से




18 जनवरी तक असम में रहेंगे। इस यात्रा के दौरान वे गुवाहाटी के सरुसजाई स्टेडियम में बोडो विरासत

**प्रधानमंत्री मोदी के असम दौरे के कारण, असम सरकार और कार्बी समाज के बीच निर्धारित वार्ता स्थगित कर दी गई है; मुख्यमंत्री हिमंता बिस्वा सरमा ने आश्वासन दिया है कि बैठक जल्द होगी, जबकि पीएम गुवाहाटी में बोडो सांस्कृतिक कार्यक्रम में शामिल होंगे।**

का जश्न मनाने वाले एक बड़े सांस्कृतिक कार्यक्रम में भाग लेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) द्वारा जारी एक आधिकारिक विज्ञप्ति के अनुसार, प्रधानमंत्री बोडो समुदाय की परंपराओं को प्रदर्शित करने वाले एक विशाल सांस्कृतिक कार्यक्रम "बागुरुम्बा द्वौ 2026" में शामिल होंगे। इस कार्यक्रम में 10,000 से अधिक कलाकार एक साथ बागुरुम्बा नृत्य प्रस्तुत करेंगे। इसमें असम के 23 जिलों के 81 विधानसभा क्षेत्रों के कलाकार शामिल होंगे। बागुरुम्बा बोडो समुदाय का एक पारंपरिक लोक नृत्य है, जो प्रकृति से प्रेरित है और खिलते फूलों तथा मानव जीवन और प्राकृतिक जगत के बीच सामंजस्य का प्रतीक है। परंपरागत रूप से युवा महिलाओं द्वारा पुरुषों के साथ संगीतकारों के रूप में प्रस्तुत किया जाने वाला यह नृत्य, तितलियों, पक्षियों, पत्तियों और फूलों की नकल करते हुए कोमल और प्रवाहमय मुद्राओं से परिपूर्ण है। इसका गहरा सांस्कृतिक महत्व है, जो शांति, उर्वरता, आनंद और सामूहिक सद्भाव का प्रतीक है, और यह बोडो नव वर्ष ब्विसागु और डोमासी जैसे त्योहारों से घनिष्ठ रूप से जुड़ा हुआ है।

# संपादकीय

## दोस्ती की बातें महज रस्म-अदायगी

पैक्स सिलिका का मकसद सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के क्षेत्र में वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाना है। ऐसी सप्लाई श्रृंखला, जो चीन पर निर्भर ना रहे। मगर यह दीर्घकालीन योजना है, जिसको लेकर अभी कई अस्पष्टताएं हैं। अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर ने नई दिल्ली पहुंचने पर भारत को जो ह्यउपहारह्ण दिया, वह एक सांत्वना पुरस्कार ही है। राजदूतों का काम संबंधित देश में अपने मुल्क के लिए सद्भावना निर्मित करना भी होता है, तो गोर ने भारतीय कानों को सुहावनी लगने वाली बातें कहीं। साथ ही एलान किया कि भारत को अगले महीने पैक्स सिलिका गठबंधन में शामिल होने के लिए आमंत्रित किया जाएगा। कुछ समय पहले अमेरिकी राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रंप ने नौ देशों को शामिल करते हुए इस गठबंधन का एलान किया, तो उससे भारत में मायूसी का माहौल बना था। ट्रंप ने उसमें अपने देश के अलावा क्वॉड के दो सदस्य देशों-जापान एवं ऑस्ट्रेलिया को शामिल किया। साथ ही आई2यू2 समूह के देशों इजराइल और यूएई को भी उसमें रखा। मगर इन दोनों समूहों के सदस्य भारत को उससे बाहर रखा गया। इन देशों के अलावा दक्षिण कोरिया, सिंगापुर, ब्रिटेन और नीदरलैंड्स इसके बाकी सदस्य हैं। इसका मकसद सेमीकंडक्टर, महत्त्वपूर्ण खनिज और आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस के मामलों में वैकल्पिक सप्लाई चेन बनाना है। ऐसी सप्लाई श्रृंखला जो चीन पर निर्भर ना रहे। मगर यह दीर्घकालीन योजना है, जिसमें निवेश और जिसकी कार्य प्रणाली को लेकर अभी तमाम किस्म की अस्पष्टताएं हैं। अब ट्रंप ने अपने राजदूत के जरिए इसकी सदस्यता का उपहार भारत को भेजा है। मगर इस समूह की परिकल्पना भारत की जरूरतों के हिसाब से नहीं की गई है। हकीकत यह है कि जो सप्लाई चेन ट्रंप चाहते हैं, उसकी तुरंत आवश्यकता अमेरिका को है। रेयर अर्थ खनिजों के क्षेत्र में निर्भरता के कारण उन्हें चीन के खिलाफ सख्त व्यापारिक कार्रवाइयां वापस लेनी पड़ी हैं।

### चिंतन-मनन

## ईश्वरीय सिद्धांत

तीन अत्यन्त महत्त्वपूर्ण सिद्धांत व्यक्त होते हैं- यह जो संसार है परमात्मा से व्याप्त है, उसके अतिरिक्त सब मिथ्या है, माया है, भ्रम है, स्वप्न है। मनुष्य को उसकी इच्छानुसार सृष्टि संचालन के लिए कार्य करते रहना चाहिए। मनुष्य में जो श्रेष्ठता-शक्ति या सौन्दर्य है वह उसके दैवी गुणों के विकास पर ही है। मनुष्य जीवन के सुख और उसकी शांति के लिए इन तीनों सिद्धांतों का पालन ऐसा ही पुण्य-फलदायक है। ईश्वर उपासना मनुष्य का स्वाभाविक धर्म है। उपासना विकास की प्रक्रिया है।

संकुचित को सीमारहित करना, स्वार्थ को छोड़कर परार्थ की ओर अग्रसर होना मनुष्य के आत्मतत्त्व की ओर विकास की परंपरा है। पर यह तभी संभव है जब सर्व-शक्तिमान परमात्मा की सत्ता को स्वीकार कर लें, उसकी शरणागति की प्राप्ति हो जाय। मनुष्य रहते हुए मानवता की सीमा को भेदकर उसे देवस्वरूप में विकसित कर देना ईश्वर की शक्ति का कार्य है। जान-बूझकर या अकारण परमात्मा कभी किसी को दंड नहीं देता। प्रकृति की स्वच्छंद प्रगति प्रवृत्ति में ही सबका हित नियंत्रित है। जो इन प्राकृतिक नियमों से टकराता है वह बार-बार दुःख भोगता है और तब तक चैन नहीं पाता, जब तक वापस लौटकर फिर उस सही मार्ग पर नहीं चलने लगता है। भगवान भक्त की भावनाओं का फल तो देते हैं, किंतु उनका विधान सभी संसार के लिए एक जैसा ही है। भावनाशील व्यक्ति भी जब तक अपने आप की सीमाएं नहीं पार कर लेता, तब तक अटूट विश्वास, दृढ़ निश्चय रखते हुए भी उन्हें प्राप्त नहीं कर पाता। अपने से विमुख प्राणियों को भी वे दुःख-दंड नहीं देते। मनुष्य का विधान तो देश, काल और परिस्थितियों वश बदलता भी रहता है, किंतु उसका विधान सदैव एक जैसा ही है। भावनाशील व्यक्ति भी उसकी चाहे कितनी ही उपासना करे- सांसारिक कर्त्तव्यों की अवहेलना कर या दैवी-विधान का उल्लंघन कर कभी सुखी नहीं रह सकता। जैसा कर्म-बीज वैसा ही फल, यह उसका निश्चल नियम है। सुख और दुःख, बंधन और मुक्ति मनुष्य के कर्मों के अनुसार ही प्राप्त होते हैं। दुष्कर्मों का फल भोगने से मनुष्य बच नहीं सकता। अपनी तुच्छ सत्ता को परमात्मा की शरणागति में ले जाने से मनुष्य अनेकों कष्ट-कठिनाइयों से बच जाता है। गृहपति की अवज्ञा करके जिस तरह घर का कोई भी सदस्य सुखी नहीं रह सकता, उसी प्रकार परमात्मा का विरोधी भी कभी सुखी या संतुष्ट नहीं रह सकता।

आवश्यकता है

आवश्यकता है दैनिक सब का सपना समाचार पत्र को उत्तर प्रदेश के समस्त जिलों में ब्लॉक स्तर, तहसील स्तर व जिला स्तर पर संवाददाताओं की इच्छुक अभ्यर्थी संपर्क करें या व्हाट्सएप करें।

9456884327/8218179552

# सीनियर और युवा नेताओं के बीच संतुलन स्थापित करना नितिन नबीन के लिए होगी बड़ी चुनौती



संतोष कुमार पाठक



भारतीय जनता पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के चुनाव की तारीख जारी हो गई है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए राष्ट्रीय चुनाव अधिकारी बनाए गए डॉ के.लक्ष्मण ने चुनाव की अधिसूचना जारी कर दी है। संगठन पर्व - 2024 के तहत जारी की गई अधिसूचना के मुताबिक, पार्टी ने शुक्रवार को ही निर्वाचक मंडल सूची का प्रकाशन कर दिया है। पार्टी अध्यक्ष के चुनाव के लिए नामांकन भरने की प्रक्रिया 19 जनवरी से शुरू हो जाएगी। 19 जनवरी को ही दोपहर 2 बजे से लेकर शाम 4 बजे तक नामांकन पत्र दाखिल किया जा सकता है। इसी दिन शाम को 4 से 5 बजे तक नामांकन पत्रों की जांच की जाएगी। शाम 5 से 6 बजे तक नाम वापस लिया जा सकता है। अगर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए एक से अधिक नेता नामांकन भरेंगे तो 20 जनवरी को चुनाव करवाया जाएगा। हालांकि यह भी एक तथ्य है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष के पद के लिए बीजेपी में कभी भी चुनाव की नौबत नहीं आई है। इसलिए यह तय माना जा रहा है कि 20 जनवरी को सर्वसम्मति से पार्टी के नए राष्ट्रीय अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन के चुने जाने का ऐलान कर दिया जाएगा। हाल ही में पार्टी के राष्ट्रीय कार्यकारी अध्यक्ष बनाए गए नितिन नबीन के पूर्णकालिक अध्यक्ष बनने के साथ ही पार्टी में नए और बड़े बदलाव की शुरूआत हो जाएगी। नितिन नबीन बीजेपी के न केवल सबसे युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे बल्कि वह पार्टी के पहले ऐसे राष्ट्रीय अध्यक्ष होंगे जिनका जन्म पार्टी की स्थापना के बाद हुआ है। बीजेपी की स्थापना 6 अप्रैल 1980 को हुई थी जबकि नितिन नबीन का जन्म इसके 47 दिन बाद 23 मई 1980 को हुआ था। ऐसे में अब बीजेपी आलाकमान के सामने सबसे बड़ी चुनौती यह साबित करने की भी है कि युवा राष्ट्रीय अध्यक्ष की ताजपोशी सिर्फ प्रतीकात्मक बदलाव का पर्याय भर बन कर न रह जाए। वहीं नई बीजेपी में पार्टी के वरिष्ठ नेताओं को भी संतुलन बनाए रखने के लिए महत्वपूर्ण भूमिका दिया जाना बहुत जरूरी है। यही वजह है कि राष्ट्रीय अध्यक्ष बनने के बाद बिहार से आने वाले इन युवा नेता के सामने सबसे बड़ी चुनौती अपनी टीम का गठन करना होगा। पार्टी संविधान के मुताबिक, पार्टी में सर्वोच्च फैसला लेने वाली इकाई पार्टी का संसदीय बोर्ड है। इसके बाद केंद्रीय चुनाव समिति का नंबर आता है जो चुनाव के समय उम्मीदवारों का चयन करता है। फिलहाल संसदीय बोर्ड के अध्यक्ष जेपी नड्डा है लेकिन राष्ट्रीय अध्यक्ष बन जाने के बाद नितिन नबीन ही पार्टी का फैसला लेने वाले इस सर्वोच्च इकाई के अध्यक्ष होंगे। वर्तमान में नड्डा के अलावा प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी, राजनाथ सिंह, अमित शाह, बी एस येदियुरप्पा, सबानंद सोनोवाल, के.लक्ष्मण, इकबाल सिंह लालपुरा, सुधा यादव और सत्यनारायण जटिया संसदीय बोर्ड के सदस्य हैं। वहीं पार्टी के राष्ट्रीय संगठन महासचिव बीएल संतोष संसदीय बोर्ड के सचिव के तौर पर इसमें शामिल हैं। इनमें से बीएल संतोष को छोड़कर बाकी सभी नेता 60 से ज्यादा उम्र के हैं। संसदीय बोर्ड के ये सारे सदस्य पार्टी की केंद्रीय चुनाव समिति के भी सदस्य हैं। संसदीय बोर्ड में शामिल इन 11 नेताओं के अलावा भूपेन्द्र यादव, देवेंद्र फडणवीस, ओम माथुर, और वनथी श्रीनिवासन केंद्रीय चुनाव समिति में शामिल हैं।

सरकार के नेता के तौर पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी नितिन नबीन की अध्यक्षता वाले पार्टी के संसदीय बोर्ड और केंद्रीय चुनाव समिति दोनों में ही शामिल रहेंगे। वहीं सरकार और पार्टी के अहम नेता के तौर पर अमित शाह भी इन दोनों समितियों का हिस्सा रहेंगे। लेकिन युवा नेताओं को बड़ी जिम्मेदारी देने के लक्ष्य और नई बीजेपी के गठन के लिए कई दिग्गज नेताओं को इससे बाहर जाना ही पड़ेगा। इन दोनों समितियों का पुनर्गठन करने के बाद पार्टी अध्यक्ष के तौर पर नितिन नबीन को अपनी राष्ट्रीय टीम - यानी राष्ट्रीय उपाध्यक्षों, राष्ट्रीय महासचिवों, राष्ट्रीय सचिवों और राष्ट्रीय प्रवक्ताओं के साथ-साथ विभिन्न मोर्चों , समितियों और विभागों के मुखियाओं की भी नियुक्ति करनी पड़ेगी।

यह बात तो साफ है कि ये सारे फैसले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह की सहमति से ही लिए जाएंगे। हालांकि राजनाथ सिंह और वसुंधरा राजे सिंधिया जैसे नेताओं के बारे में अंतिम फैसला करने से पहले संघ से भी चर्चा की जाएगी। पार्टी की राष्ट्रीय टीम में ऐसे कई अन्य नेता भी शामिल हैं जो अपने-अपने राज्यों के मुख्यमंत्री के करीबी माने जाते हैं और इसलिए उन्हें हटाने से पहले कई समीकरणों का ध्यान भी रखना पड़ेगा। ऐसे में यह देखना बहुत दिलचस्प रहेगा कि नितिन नबीन इन तमाम चुनौतियों से निपटते हुए अपनी नई टीम कैसे तैयार कर पाते हैं और कैसे तमाम उम्र के नेताओं यानी सीनियर एवं युवा के बीच संतुलन बना पाने में कामयाब हो पाते हैं।

# ताकत का दुरुपयोग है विश्व पटल पर ट्रम्प की सामंतशाही



मनोज कुमार अग्रवाल

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प का व्यवहार लगातार दुनिया को हतप्रभ कर रहा है ट्रंप की हठधर्मिता दिनों दिन ने रूप में सामने आ रही है एक ताकतवर मुल्क किस तरह अराजकत व्यवहार कर अन्य देशों के लिए मुसीबत खड़ी कर सकता है यह उनके तमाम हरकतों से समझ सकते हैं।

अब ताजा घटना चक्र में अमेरिका ने ईरान को हर तरफ से घेरना शुरू कर दिया है। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने ईरान के साथ व्यापार करने वाले किसी भी देश पर 25 प्रतिशत टैरिफ लगाने की घोषणा की है। ट्रंप के इस फैसले से ईरान के अंदर विरोध प्रदर्शनों पर हिंसक कार्रवाई को लेकर खामेनेई सरकार पर दबाव बढ़ गया है, जिसमें कम से कम 648 लोग मारे गए हैं और पूरे देश में हजारों की गिरफ्तारियां हुई हैं। ट्रंप की यह टैरिफ कार्रवाई संभावित रूप से भारत और चीन सहित कई देशों को प्रभावित कर सकती है, जो ईरान और अमेरिका, दोनों के साथ व्यापार करते हैं। ट्रंप ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म टूथ सोशल पर लिखा, तुरंत प्रभाव से, इस्लामी गणराज्य ईरान के साथ व्यापार करने वाला कोई भी देश, संयुक्त राज्य अमेरिका के साथ होने वाले सभी व्यापार पर 25 प्रतिशत टैरिफ देगा। यह आदेश अंतिम और निर्णायक है। टैरिफ की घोषणा ऐसे समय हुई है जब ट्रंप ईरान के खिलाफ संभावित सैन्य कार्रवाई पर विचार कर रहे हैं। व्हाइट हाउस की प्रेस सेक्रेटरी कैरोलिन लेविट ने सोमवार को कहा था कि अमेरिका के पास एक विकल्प यह भी है कि वह ईरान पर हवाई हमला करे। लेकिन साथ ही उन्होंने कहा कि ईरान के पास ट्रंप के विशेष दूत स्टीव विठकॉफ से बात करने का एक राजनयिक चैनल भी खुला है। उन्होंने कहा कि ईरान अपने सार्वजनिक बयानों की तुलना में निजी तौर पर बहुत अलग बोली बोल रहा है। चीन को ईरान का सबसे बड़ा व्यापारिक साझेदार माना जाता है, लेकिन ट्रंप के इस कदम का असर भारत, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) और तुर्की पर भी पड़ेगा, जो तेहरान के प्रमुख व्यापारिक साझेदारों में से हैं। तेहरान में मौजूद भारतीय दूतावास के अनुसार, भारत ने वित्तीय वर्ष 2024-25 में ईरान को 1.24 अरब डॉलर का सामान निर्यात किया, जबकि 0.44 अरब डॉलर का आयात किया, जिससे कुल व्यापार 1.68 अरब डॉलर (लगभग 14,000-15,000 करोड़ रुपये) हो गया। इनमें सबसे बड़ा हिस्सा 512.92 मिलियन डॉलर मूल्य के कार्बनिक केमिकल्स का था। इसके बाद फल, मेवे, खट्टे फलों के छिलके और खरबूजे 311.60 मिलियन डॉलर और खनिज ईंधन, तेल और आसवन उत्पाद 86.48 मिलियन डॉलर के थे। ध्यान रहे कि अमेरिका ने पहले ही रूप्सी तेल की खरीद के लिए भारतीय सामानों पर कुल 50 प्रतिशत तक का टैरिफ लगा दिया है। अगर ईरान से व्यापार के लिए भी भारत पर अतिरिक्त टैरिफ लगता है तो व्यापार में और बाधा आएगी। ईरान इस समय गंभीर राजनीतिक और आर्थिक संकट के दौर से गुजर रहा है। देशभर में भड़के विरोध प्रदर्शनों ने सरकार के सामने बड़ी चुनौती खड़ी कर दी है। हालात इतने बिगड़ चुके हैं कि ईरान में इंटरनेट और मोवाइल सेवाओं पर रोक लगा दी गई है। यह संकट केवल ईरान तक सीमित नहीं है, बल्कि इसका असर भारत जैसे देशों पर भी पड़ सकता है, जिनके रणनीतिक और व्यापारिक हित ईरान से गहराई से जुड़े हुए हैं। ईरान भारत की विदेश और व्यापार नीति का एक बेहद महत्वपूर्ण हिस्सा है। आपको बता दें कि भारत ने मध्य एशिया, रूस और यूरोप तक अपनी पहुंच मजबूत करने के लिए जिन परियोजनाओं में निवेश किया है, उनमें ईरान एक प्रमुख ट्रांजिट हब की भूमिका निभाता है। खासतौर पर ईरान के दक्षिण पूर्वी तट पर स्थित चाबहार बंदरगाह भारत के लिए रणनीतिक रूप से बेहद अहम है। चाबहार पोर्ट भारत भारत को पाकिस्तान को बायपास करते हुए अफगानिस्तान, मध्य एशिया और यूरोप तक सीधा व्यापारिक रास्ता देता है। यही बंदरगाह इंटरनेशनल नॉर्थ साउथ ट्रांसपोर्ट कॉरिडोर यानी आईएनएसटीसी का भी अहम हिस्सा है। इस मार्ग से भारत को निर्यात आयात में करीब 40 प्रतिशत समय और लगभग 30 प्रतिशत लागत को बचत होती है। अगर ईरान में अस्थिरता बढ़ती है और चाबहार बंदरगाह प्रभावित होता है तो भारत की भू-आर्थिक रणनीति को बड़ा झटका लग सकता है। सरकारी आंकड़ों के अनुसार वित्त वर्ष 2024-25 में भारत और ईरान के बीच द्विपक्षीय व्यापार करीब 1.68 अरब डॉलर रहा। इसमें भारत ने ईरान को 1.24 अरब डॉलर का निर्यात किया, जबकि 0.44 अरब डॉलर का आयात किया गया। इस तरह भारत को लगभग 0.80 अरब डॉलर का व्यापारिक लाभ हुआ। भारत से ईरान को भेजे जाने वाले प्रमुख सामानों में चावल, चाय, चीनी, दवाइयां, इलेक्ट्रिक मशीनरी और कृत्रिम फाइबर शामिल हैं। वहीं ईरान से भारत सूखे मेवे, रसायन और कांच से बने उत्पाद आयात करता है। अगर संकट गहराता है और चाबहार पोर्ट या आईएनएसटीसी मार्ग बाधित होता है तो भारत-ईराम व्यापार पर सीधा असर पड़ सकता है। ईरान दुनिया के बड़े तेल और गैस उत्पादक देशों में शामिल है। अगर ईरान संकट का असर होर्मुज जलडमरूमध्य तक पहुंचता है तो वैश्विक तेल आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हो सकती है। दुनिया के करीब 20 प्रतिशत कच्चे तेल की आपूर्ति इसी रास्ते से होती है। भारत अपनी जरूरत का 80 प्रतिशत से ज्यादा कच्चा तेल आयात करता है। ऐसे में तेल की कीमतों में बढ़ोतरी से भारत का आयात बिल बढ़ेगा। इसका सीधा असर परिवहन लागत, माल बुलाई और आम लोगों की महंगाई पर पड़ेगा। पेट्रोल-डीजल के दाम बढ़ने से देश में महंगाई का दबाव और तेज हो सकता है। ईरान में जारी संकट भारत के लिए केवल एक पड़ोसी देश को समस्या नहीं है, बल्कि यह भारत की व्यापारिक, ऊर्जा और रणनीतिक सुरक्षा से सीधे जुड़ा हुआ मामला है। आपको पता रहे कि चाबहार पोर्ट, आईएनएसटीसी कॉरिडोर और तेल आपूर्ति जैसे मुद्दे भारत की दीर्घकालिक आर्थिक योजनाओं से जुड़े हैं। अगर ईरान में हालात और बिगड़ते हैं, तो भारत को इसके दूरगामी प्रभावों के लिए तैयार रहना होगा। यहां यह भी ध्यान रहे कि अमेरिका और भारत, दोनों पक्ष एक व्यापार समझौते को अंतिम रूप देने के लिए महीनों से काम कर रहे हैं। अगर यह समझौता हो जाता है तो यह नई दिल्ली को लंबे समय से अपेक्षित टैरिफ राहत प्रदान करेगा।

यहां यह भी बता दें अमेरिका की सामंतवाद की यह नीति कोई अचानक उपजी हुई नहीं है। शीत युद्ध के दौर से लेकर आज तक, लैटिन अमेरिका, पश्चिम एशिया और एशिया-अफ्रीका के कई देशों ने इसे झेला है। इराक, लीबिया, सीरिया और अब वेनेजुएला–सूची लंबी है। फर्क बस इतना है कि हर बार हस्तक्षेप को नया नाम दे दिया जाता है–कभी 'लोकतंत्र की बहाली', कभी 'तानाशाही के खिलाफ लड़ाई' और कभी 'मानवाधिकारों की रक्षा'। लेकिन इन सभी नारों के पीछे असली लक्ष्य संसाधन, प्रभाव और रणनीतिक नियंत्रण ही रहा है। यह स्थिति पूरी दुनिया के लिए चेतावनी है। खासकर विकासशील और मध्यम शक्ति वाले देशों के लिए। यह मान लेना कि अमेरिकी सहायता, व्यापार या रणनीतिक साझेदारी हमेशा निष्पक्ष और दीर्घकालिक होगी, अब एक खतरनाक भ्रम बन चुका है। इतिहास गवाह है कि अमेरिका दोस्ती भी अपने हित देखकर करता है और दुश्मनी भी।

हालांकि इस मे कोई संदेह नहीं है कि अमेरिका अपनी ताकत का पूरी तरह दुरुपयोग कर विश्व भर में अपना प्रभुत्व कायम करना चाहता है और इसके लिए वह वैश्विक कानून और आचार संहिता को लगातार अनदेखा कर विपरित आचरण कर रहा है।

(लेखक वरिष्ठ पत्रकार हैं)

# महाराष्ट्र में भाजपा के विकास एवं विश्वास की निर्णायक जीत



महाराष्ट्र में हाल ही में संपन्न शहरी निकाय चुनाव राज्य की राजनीति की दिशा, प्रवृत्ति और भविष्य का संकेत देने वाला एक बड़ा जनादेश बनकर सामने आए हैं। भारतीय जनता पार्टी के नेतृत्व में महायुति गठबंधन की ऐतिहासिक सफलता ने यह स्पष्ट कर दिया है कि महाराष्ट्र की राजनीति अब एक निर्णायक मोड़ पर खड़ी है। यह बदलाव केवल सत्ता के हस्तांतरण तक सीमित नहीं है, बल्कि राजनीतिक सोच, जन अपेक्षाओं और लोकतांत्रिक व्यवहार में गहरे परिवर्तन का द्योतक है। इन चुनावों ने जहां भगवा राजनीति की वैचारिक और संगठनात्मक शक्ति को नए सिरे से रेखांकित किया है, वही प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की सकारात्मक सोच एवं विकास की राजनीति को आगे बढ़ाया है। यह सफलता ऐसे समय में मिली है जब विधानसभा चुनावों में विपक्ष को करारी शिकस्त दिए जाने को अभी एक वर्ष भी पूरा नहीं हुआ था। इसके बावजूद राज्यव्यापी स्थानीय निकाय चुनावों में भाजपा नीत महायुति गठबंधन का दबदबा यह दर्शाता है कि यह जीत क्षणिक नहीं, बल्कि एक सुदृढ़ राजनीतिक प्रवाह का परिणाम है। इन परिणामों ने राष्ट्र का ध्यान इसलिए अपनी ओर खींचा, क्योंकि इन चुनावों को मिनी विधानसभा चुनावों की संज्ञा दी गई थी। दशकों तक शिवसेना के वर्चस्व का प्रतीक रहे बृहन्मुंबई नगर निगम, यानी बीएमसी में शिवसेना का दशकों पुराना किला ढ़ह गया, बीएमसी एवं राज्यभर के शहरी निकाय चुनाव में भाजपा का सबसे बड़ी पार्टी के रूप में उभरना एवं उसका दबदबा कायम होना, एक बड़े राजनीतिक बदलाव का सबसे सशक्त प्रमाण है।

मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की राजनीतिक सोच और कार्यशैली इस पूरे परिदृश्य में एक निर्णायक कारक के रूप में उभरकर सामने आई है। फडणवीस ने महाराष्ट्र की राजनीति को केवल सत्ता संतुलन की सीमाओं में नहीं बांधा, बल्कि उसे दीर्घकालिक विकास दृष्टि से जोड़ा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में चल रहे व्यापक राष्ट्रीय विकास कार्यक्रमों जैसे बुनियादी ढांचे का विस्तार, डिजिटल गवर्नेंस, पारदर्शिता, निवेश अनुकूल वातावरण और सुशासन को उन्होंने राज्य की आवश्यकताओं के अनुरूप जमीन पर उतारने का प्रयास किया है। उनकी राजनीति भावनात्मक उत्तेजना या तात्कालिक लोकप्रियता पर नहीं, बल्कि योजनाबद्ध विकास, प्रशासनिक दक्षता और भविष्य की तैयारी पर आधारित रही है। मुंबई से लेकर विदर्भ और मराठवाड़ा तक विकास की समान अवधारणा, शहरी-ग्रामीण संतुलन और रोजगार सृजन पर जोर उनकी सोच को प्रतिबिंबित करता है। इस महाविजय के पीछे फडणवीस की रणनीति के चार प्रमुख स्तंभ रहे हैं- हिंदुत्व और विकास का संतुलन, लोकल मुद्दों पर फोकस, विपक्ष पर प्रभावी जवाब और जनता के साथ जुडाव। यही कारण है कि स्थानीय निकाय चुनावों में जनता ने उन्हें केवल एक प्रशासक के रूप में नहीं, बल्कि एक दूरदृष्टा नेतृत्वकर्ता के रूप में स्वीकार किया है। नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में ह्यसबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वासह्ण की जो राष्ट्रीय अवधारणा गढ़ी गई, देवेंद्र फडणवीस ने उसे महाराष्ट्र की राजनीतिक और प्रशासनिक संस्कृति का हिस्सा बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है, और यही दृष्टि महायुति की सफलता की वैचारिक रीढ़ बनती दिखाई देती है।

बीएमसी का महत्व केवल राजनीतिक प्रतीकात्मकता तक सीमित नहीं है। यह देश का सबसे धनी नगर निगम है, जिसका 2025-26 का बजट 74,427 करोड़ रुपये का है, जो कई छोटे राज्यों के बजट से भी अधिक है। इसीलिये बीएमसी शिवसेना का आर्थिक संबल थी, क्योंकि भ्रष्ट तौर-तरीकों के कारण नगर निकाय का पैसा उसके नेताओं के पास पहुंचता था। बीएमसी के इसी भ्रष्टाचार के कारण मुंबई अंतरराष्ट्रीय शहर के रूप में विकसित नहीं हो पा रही थी। ऐसे में बीएमसी पर नियंत्रण का अर्थ है नीतिगत प्राथमिकताओं, शहरी विकास की दिशा और संसाधनों के उपयोग पर निर्णायक प्रभाव। भाजपा नेतृत्व वाली महायुति की सफलता यह संकेत देती है कि आने वाले वर्षों में मुंबई का प्रशासनिक और विकासात्मक स्वरूप नए सिरे से गढ़ा जाएगा। मुंबई को खराब सडकों, ट्रैफिक जाम और प्रदूषण से त्रस्त शहर की छवि से मुक्त करना भाजपा की पहली प्राथमिकता बननी चाहिए। इन चुनावों का एक और महत्वपूर्ण पहलू यह रहा कि दो दशक बाद ठाकरे परिवार से जुड़ी पार्टियां एकजुट होकर मैदान में उतरीं, फिर भी वे महायुति की लहर को रोकने में असफल रहीं। उद्धव ठाकरे की शिवसेना और राज ठाकरे की महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना की प्रतीकात्मक एकता मतदाताओं को प्रभावित नहीं कर सकी। इसी तरह शरद पवार और अजीत पवार के नेतृत्व वाले राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी के गुटों का पूणे में गठबंधन भी बुरी तरह विफल रहा। यह पराजय उन राजनीतिक परिवारों के लिए एक चेतावनी है, जिन्होंने लंबे समय तक राज्य की राजनीति में वर्चस्व बनाए रखा था।

इन परिणामों से यह स्पष्ट है कि महाराष्ट्र की जनता ने क्षेत्रीय संकीर्णता और पुराने नारों की बजाय विकास, स्थिरता और विश्वास की राजनीति को प्राथमिकता दी है। ह्यमराठी मानुषह्ण जैसे भावनात्मक मुद्दे इस बार ज्यादा प्रभाव नहीं डाल सके। मतदाताओं ने यह संकेत दिया है कि वे अपनी आकांक्षाओं को केवल पहचान की राजनीति में सीमित नहीं रखना चाहते, बल्कि वे बेहतर बुनियादी ढांचे, पारदर्शी प्रशासन और भविष्य की स्पष्ट दृष्टि चाहते हैं। इन स्थानीय निकाय चुनावों में कांग्रेस की हाशिये पर मौजूदगी भी एक महत्वपूर्ण संकेत है। यह स्थिति कांग्रेस के लिए आत्ममंथन का अवसर है। महाराष्ट्र जैसे बड़े और राजनीतिक रूप से महत्वपूर्ण राज्य में उसकी कमजोर होती पकड़ यह सवाल उठाती है कि क्या पार्टी बदलते राजनीतिक परिदृश्य को समझने और उसके अनुरूप रणनीति बनाने में विफल हो रही है। महा विकास अघाड़ी गठबंधन के भविष्य पर भी इन परिणामों ने प्रश्नचिह्न लगा दिया है। इसके घटक दल पहले ही प्रासंगिक बने रहने के लिए संघर्ष कर रहे हैं और यह पराजय उस संघर्ष को और कठिन बना देती है।

राजनीतिक विश्लेषक मानते हैं कि ठाकरे और पवार जैसे परिवारों को अब अपनी राजनीति का पुनर्मूल्यांकन करना होगा। केवल विरासत और अतीत की उपलब्धियों के सहारे राजनीति नहीं चलाई जा सकती। जनता अब जवाबदेही, परिणाम और स्पष्ट दिशा चाहती है। इसके विपरीत भाजपा ने यह सिद्ध कर दिया है कि वह चुनाव जीतने का गणित अच्छी तरह समझ चुकी है। मजबूत बूथ मैनेजमेंट, कैडर आधारित संगठन और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का वैचारिक व सांगठनिक संबल उसकी सफलता की आधारशिला बने हैं। यही कारण है कि भाजपा न केवल अपने प्रतिद्वंद्वियों से आगे निकली, बल्कि कई स्थानों पर अपने सहयोगियों पर भी भारी पड़ी। इन चुनावों का व्यापक अर्थ केवल महाराष्ट्र तक सीमित नहीं है। यह परिणाम राष्ट्रीय राजनीति के लिए भी एक संकेत हैं कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में विश्वास, विकास और आश्वासन की राजनीति को जनता लगातार समर्थन दे रही है। यह राजनीति केवल घोषणाओं तक सीमित नहीं, बल्कि जमीन पर बदलाव की अनुभूति कराती है। अंधेरों के बीच रोशनी की किरण की तरह यह राजनीति आम नागरिक को यह विश्वास दिलाती है कि उसका भविष्य सुरक्षित हाथों में है। इससे राजनीतिक परिभाषाएं ही नहीं बदलीं, बल्कि इंसान की सोच में भी परिवर्तन आया है। मतदाता अब भावनात्मक उकसावे से अधिक ठोस उपलब्धियों और संभावनाओं को महत्व देने लगा है।

महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनाव इस बदलाव का सशक्त उदाहरण हैं। बड़े-बड़े दावे करने वालों के बोल ध्वस्त हुए हैं और विकास की राजनीति आगे बढ़ी है। जनता देश को एक नई दिशा, एक नए लोकतांत्रिक परिवेश और एक नई राजनीतिक संस्कृति में देखना चाहती है। यह संस्कृति केवल सत्ता परिवर्तन की नहीं, बल्कि शासन के तौर-तरीकों में बदलाव की मांग करती है। पारदर्शिता, जवाबदेही और परिणामोन्मुखी प्रशासन अब केवल नारे नहीं, बल्कि जन अपेक्षा बन चुके हैं। बीएमसी जैसे शक्तिशाली संस्थान में भाजपा का वर्चस्व न केवल मुंबई की सत्ता संरचना को बदलेगा, बल्कि महाराष्ट्र की राजनीति की धुरी को भी नए सिरे से परिभाषित करेगा। यह जीत बताती है कि लोकतंत्र में वही राजनीतिक ताकत टिकाऊ होती है, जो समय के साथ खुद को बदलने, जनता की नब्ज पहचानने और विकास को केंद्र में रखने का साहस रखती है। महाराष्ट्र के स्थानीय निकाय चुनावों ने इसी सच्चाई को एक बार फिर उजागर किया है।

# मौनी अमावस्या पर स्नान के लिए बृजघाट व तिगरी में उमड़ा आस्था का जनसैलाब





**गजरौला/अमरोहा (सब का सपना):-** रविवार को मौनी अमावस्या के अवसर पर ब्रजघाट और तिगरी गंगा धाम में स्नान के लिए श्रद्धालुओं का जन सैलाब उमड़ता दिखाई दिया। इस दौरान ब्रजघाट और गंगा धाम तिगरी के घाटों पर हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई। वही गंगा घाट 'जय गंगा मैया' और 'हर हर गंगे' के उद्घघोष से गूंजते दिखाई दिए। श्रद्धालुओं ने स्नान के बाद पूजा अर्चना कर अपने ऊत-पितरों को स्मरण कर पुण्य लाभ कमाया। बता दें कि मौनी अमावस्या पर रविवार सुबह तड़के से ही गंगा स्नान के लिए श्रद्धालुओं का आवागमन शुरू हो गया था।इस समय पड़ रही कड़ाके की ठंड में भी श्रद्धालु दिल्ली, हरियाणा, राजस्थान जैसे राज्यों के साथ-साथ अमरोहा, मुरादाबाद, संभल, बिजनौर, रामपुर, मेरठ, बुलंदशहर और हापुड़ जैसे जिलों से भी बड़ी संख्या में गंगा स्नान के लिए पहुंचे।श्रद्धालुओं ने गंगा में डुबकी लगाने के बाद सूर्य भगवान एवं अपने पितरों को अर्ध्य अर्पित कर अपने घरों में सुख-शांति की कामना करते हुए पूजा-अर्चना की। इसके अलावा गंगा घाटों पर लगी दुकानों पर भी श्रद्धालुओं ने खरीदारी की।तिगरी गंगा धाम में गजरौला शहर और आसपास के गांवों से भी हजारों श्रद्धालु पहुंचे और गंगा स्नान किया। सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर गंगा घाटों पर गोताखोरों की टीम और पुलिस प्रशासन भी श्रद्धालुओं की सुरक्षा व्यवस्था हेतु तैनात रहा।मान्यता है कि पवित्र गंगा में स्नान करने और दान करने से जीवन के सभी कष्ट दूर होते हैं और मनोकामनाएं पूर्ण होती हैं।

# छः साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में कोर्ट ने रिश्तेदार को दिया दोषी करार,सोमवार को होगी सजा



**रजबपुर/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के रजबपुर थाना क्षेत्र में पांच महीने पहले हुई छह साल की बच्ची से दुष्कर्म के मामले में न्यायालय ने एक 25 वर्षीय रिश्तेदार युवक को दोषी करार दिया है। पॉक्सो प्रथम की अदालत ने शनिवार को यह फैसला सुनाया। दोषी युवक गिरफ्तारी के बाद से ही जेल में बंद है। बता दें कि यह पूरी घटना रजबपुर थाना क्षेत्र के एक गांव में 9 अगस्त 2025 की शाम करीब चार बजे हुई थी। आरोपी रिश्तेदार युवक बच्ची को बहला-फुसलाकर गन्ने के खेत में ले गया और उसके साथ दुष्कर्म किया था। पीड़िता की चाची, जो पास में घास काट रही थीं, मौके पर पहुंचीं तो आरोपी वहां से भाग निकला। खेत में लहूलुहान हालत में मिली बच्ची को परिजनों ने तुरंत अस्पताल में भर्ती कराया। घटना की सूचना पर पुलिस और फोरेंसिक टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर जांच की। तत्कालीन एसपी अमित कुमार आनंद ने भी मौके का मुआयना किया था। पुलिस ने प्राथमिकी दर्ज कर आरोपी को गिरफ्तार किया और उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेज दिया था।पुलिस ने मजबूत साक्ष्यों के आधार पर विवेचना पूरी कर न्यायालय में चार्जशीट दाखिल की थी। इस मुकदमे की सुनवाई पॉक्सो प्रथम की अदालत में चल रही थी। एफएसएल रिपोर्ट में बच्ची के साथ दुष्कर्म की पुष्टि हुई थी। न्यायालय ने 20 सितंबर 2025 को मुकदमे की पहली सुनवाई की और इसे ट्रायल पर लिया था।न्यायालय ने दोनों पक्षों के तर्कों को ध्यान से सुना। शनिवार को सभी साक्ष्यों और सबूतों के आधार पर पीड़िता के तहेरे भाई को दोषी ठहराया गया। विशेष लोक अभियोजक ने बताया कि दोषी की सजा पर सुनवाई सोमवार को होगी।

# घने कोहरे की वजह से गजरौला नेशनल हाईवे-9 पर टकराए कई वाहन,करीब 15 से अधिक लोग घायल





**गजरौला अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में कड़ाके की ठंड के चलते घने कोहरे ने भी अपना विकराल रूप धारण कर रखा है जिस कारण क्षेत्रों की सड़कों पर विजिबिलिटी बिल्कुल शून्य हो गई है जिसके चलते गजरौला के नेशनल हाईवे 9 पर घने कोहरे के कारण लगातार दूसरे दिन भी बड़ा हादसा हो गया। बता दें कि रविवार की सुबह गजरौला थाना क्षेत्र में करीब साढ़े आठ बजे विजिबिलिटी शून्य होने के कारण लगभग 10 वाहन आपस में टकरा गए, जिसमें 15 से अधिक लोग घायल हो गए।यह हादसा इतना जबरदस्त था कि हाईवे पर अफरा-तफरी मच गई और यातायात काफी देर तक बाधित रहा। सूचना मिलते ही पुलिस और एम्बुलेंस मौके पर पहुंची और घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया।इस मामले में पुलिस ने बताया कि कोहरा इतना घना था कि आगे चल रहे वाहनों का अंदाजा ही नहीं लग सका, जिसके चलते एक के बाद एक वाहन टकराते चले गए। पुलिस ने क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त वाहनों को हटाकर यातायात को सुचारु कराया।सर्किल सीओ अंजली कटारिया ने बताया कि कोहरे के कारण वाहन आपस में भिड़े थे। यात्रियों को मामूली चोटें आई हैं और वे अपने गंतव्य की ओर चले गए हैं। फिलहाल, सभी घायलों का इलाज जारी है और पुलिस हादसे की जांच कर रही है।

# धनौरा में दबंगों ने परिवार पर किया हमला, एसपी के निर्देश पर पांच पर केस दर्ज




**धनौरा/अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के थाना मंडी धनौरा में मामूली विवाद के चलते एक ही परिवार पर कुछ दबंग लोगों ने हमला कर दिया जिसमें उस परिवार के तीन लोग घायल हो गए। इस मामले में अमरोहा एसपी के निर्देश पर पांच लोगों के खिलाफ केस दर्ज किया गया है। बता दें कि शुक्रवार की देर रात करीब 9:00 बजे नगर के मोहल्ला गांधीनगर में कुछ दबंग लोगों ने मोहल्ला निवासी हरिओम सिंह के घर में घुसकर उन पर हमला कर दिया। इस हमले में उनके परिवार के तीन लोग घायल हो गए।इस मामले में हरिओम सिंह ने जानकारी देते हुए बताया कि हमलावरों ने गाली-गलौज करते हुए तमंचे, लोहे के पंच और लाठी-डंडों का इस्तेमाल किया। इस हमले में हरिओम के सिर पर नुकीले हथियार से वार किया गया, जिससे उन्हें गंभीर चोटें आईं। परिवार के अन्य सदस्यों को भी चोटें लगी हैं।पीड़ित परिवार ने आरोप लगाया कि घटना के बाद स्थानीय पुलिस ने तत्काल कार्रवाई नहीं की। शनिवार को तहसील समाधान दिवस में पीड़ित जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स और पुलिस अधीक्षक अमित कुमार आनंद से मिले।उन्होंने पुलिस पर रिपोर्ट दर्ज न करने का आरोप लगाया। मामले की जानकारी मिलने पर एसपी अमित कुमार आनंद ने तत्काल थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने के निर्देश दिए।उच्चाधिकारियों के निर्देश के बाद मण्डी धनौरा पुलिस ने पांच आरोपियों के खिलाफ एफआईआर दर्ज की है। इनमें विपिन, बन्टी पुत्रगण रामौतार, विवेक पुत्र राजेन्द्र राहुल पुत्र विजयपाल और केशव शामिल हैं।पुलिस ने एफआईआर संख्या 0023 दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

# जिले में रिफ्लेक्टर टेप के लिए ट्रेक्टर ट्रालियों पर कसा शिकंजा



**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में राष्ट्रीय सड़क सुरक्षा माह के तहत परिवहन विभाग द्वारा लगातार जागरूकता कार्यक्रम और सख्त कार्रवाई की जा रही है। कोहरे के बढ़ते खतरे को देखते हुए आज विशेष अभियान चलाया गया, जिसमें ट्रेक्टर-ट्रालियों पर रिफ्लेक्टर टेप लगवाने पर जोर दिया गया।एआरटीओ प्रवर्तन महेश शर्मा ने गजरौला हसनपुर रोड और गजरौला धनौरा रोड पर ट्रेक्टर-ट्रालियों की जांच की। उन्होंने किसानों को समझाया कि कोहरे में बिना रिफ्लेक्टर टेप के वाहन चलाने से दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है, क्योंकि अन्य वाहनों को दूर से दिखाई नहीं दे पाते। जागरूकता के बाद समाजसेवी संस्था के सहयोग से 30 ट्रेक्टर-ट्रालियों पर निशुल्क रेट्रो-रिफ्लेक्टिव टेप लगवाया गया।इसके बाद हाईवे पर चल रहे वाहनों की चेकिंग की गई। बिना रिफ्लेक्टर टेप लगे 16 वाहनों के चालान काटे गए। साथ ही हाईवे पर अवैध पार्किंग करने वाले 39 वाहनों पर भी जुमार्ना लगाया गया।परिवहन विभाग के अधिकारियों ने बताया कि यह अभियान कोहरे के मौसम में सड़क दुर्घटनाओं को रोकने के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। किसानों और वाहन चालकों से अपील की गई है कि वे अपने वाहनों पर रिफ्लेक्टर टेप अवश्य लगवाएं और यातायात नियमों का पालन करें। यह अभियान जनपद में आगे भी जारी रहेगा, ताकि सड़कें सुरक्षित बन सकें और दुर्घटनाओं में कमी आए।

# प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय में मनाया गया ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस





**अमरोहा (सब का सपना):-** शहर के प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्वविद्यालय के स्थानीय केंद्र में संस्थापक पिताश्री ब्रह्मा बाबा का स्मृति दिवस बड़े उत्साह और श्रद्धा के साथ मनाया गया। यह दिवस प्रतिवर्ष 18 जनवरी को विश्व शांति दिवस के रूप में पूरे विश्व में ब्रह्माकुमारी संस्था के सभी केंद्रों पर आयोजित किया जाता है। क्योंकि इसी दिन वर्ष 1969 में ब्रह्मा बाबा ने अपना शरीर त्यागा था। सेंटर इंचार्ज अर्चना दीदी ने कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए बताया कि परमात्मा शिव द्वारा उनके माध्यम से दिए गए दिव्य ज्ञान ने लाखों लोगों को राजयोग, शांति और पवित्र जीवन का मार्ग दिखाया। अर्चना दीदी ने कहा, "बाबा ने हमें सिखाया कि हम आत्माएं हैं, शरीर नहीं। उनकी स्मृति में आज हम सबने सामूहिक रूप से भोग लगाया, मुरली का श्रवण किया और ध्यान किया।"कार्यक्रम में शहर के गणमान्य नागरिक, ब्रह्माकुमारी बहनें-भाई और बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे। सभी ने ब्रह्मा बाबा के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित की और उनके आदर्शों - निर्विकारी, निरहंकारी और निराकारी जीवन - को अपनाने का संकल्प लिया। जिसमें विश्व शांति, भाईचारा और आत्म-सुधार पर जोर दिया गया। ब्रह्माकुमारी संस्था विश्व के 110 से अधिक देशों में फैली हुई है और राजयोग की निःशुल्क शिक्षा प्रदान करती है। अमरोहा केंद्र में प्रतिदिन सुबह-शाम योग कक्षाएं चलती हैं। इस अवसर पर अर्चना दीदी ने सभी से अपील की कि वे बाबा के दिखाए मार्ग पर चलकर अपना और समाज का कल्याण करें। कार्यक्रम की समाप्ति शांति मंत्र और "ओम-शांति" के जयकारे के साथ हुई। यह आयोजन अमरोहा में आध्यात्मिक जागृति का प्रतीक बना।

# गाँव फौलादपुर में नि:शुल्क मेडिकल एवं फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन




**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद के ग्राम फौलादपुर में ग्राम प्रधान मनु यादव के नेतृत्व में एक निःशुल्क मेडिकल एवं फिजियोथेरेपी कैंप का आयोजन किया गया। इस कैंप में गाँव के लोगों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और अपनी स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं को विशेषज्ञ डॉक्टरों के समक्ष रखा। कैंप का शुभारंभ ग्राम प्रधान मनु यादव द्वारा फीता काटकर किया गया। इस अवसर पर मुख्य रूप से डॉ. पल्लवी यादव (बीपीटी) उपस्थित रहीं, जो लंबे समय से समाज सेवा के क्षेत्र में सक्रिय हैं। डॉ. पल्लवी यादव ने ग्रामीणों को फिजियोथेरेपी के महत्व के बारे में विस्तार से जानकारी दी और मौके पर ही मरीजों का उपचार किया। शिविर के दौरान विशेष रूप से बुजुर्ग महिलाओं को प्राथमिकता दी गई, जो शारीरिक दर्द और चलने-फिरने में असमर्थ होने के कारण उपचार नहीं करा पाती थीं। डॉ. पल्लवी यादव और उनकी टीम ने ऐसी महिलाओं को फिजियोथेरेपी उपचार प्रदान किया तथा योग, व्यायाम और दैनिक जीवन में अपनाए जाने वाले स्वास्थ्य उपायों के बारे में भी जागरूक किया। कैंप पूरी तरह निःशुल्क रहा, जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिली। गाँव की महिलाओं और बुजुर्गों ने इस पहल की सराहना करते हुए ग्राम प्रधान मनु यादव का आभार व्यक्त किया और भविष्य में भी ऐसे स्वास्थ्य शिविर आयोजित कराने की मांग की। गौरतलब है कि ग्राम प्रधान मनु यादव अपने विकास कार्यों, सामाजिक गतिविधियों और निरंतर जनसेवा के लिए क्षेत्र में विशेष रूप से जानी जाती हैं। उनके नेतृत्व में पंचायत ने जिला, राज्य और राष्ट्रीय स्तर पर पहचान बनाई है। मनु यादव को उनके उल्लेखनीय कार्यों के लिए जिला स्तर पर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ द्वारा तथा राष्ट्रीय स्तर पर प्रधानमंत्री द्वारा भी सम्मानित किया जा चुका है।

# कलेक्ट्रेट सभागार में व्यापारी से किया गया संवाद

## कार्यक्रम में व्यापारियों की समस्याओं के निराकरण की चर्चा





**अमरोहा (सब का सपना):-** जिलाधिकारी निधि गुप्ता वत्स की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभागार में राज्य कर विभाग द्वारा जनपद के व्यापारियों से संवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। जिलाधिकारी ने कहा कि व्यापारी संवाद कार्यक्रम का आयोजन व्यापारियों की समस्याओं एवं उनके निराकरण के उपायों पर चर्चा की गई। व्यापारियों द्वारा मुख्य रूप से अपंजीकृत व्यापारियों को पंजीकृत कराने, रिटर्न दाखिल करने के सरलीकरण एवं संशोधन का प्राविधान, एमनेस्टी स्कीम पुनः लाए जाने, व्यापारियों को जारी नोटिस / आदेश की ऑनलाइन तामीली के साथ-साथ भौतिक रूप से तामीली कराने, आई०टी०सी० से जुड़ी समस्याओं, समाधान योजना को 2 करोड़ किये जाने आदि के सुझाव दिये गये। कार्यक्रम में मुख्य विकास अधिकारी अश्वनी कुमार मिश्र, व्यापारी / व्यापार संघ के पदाधिकारी अनिल कुमार जैन व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान प्रदेश अध्यक्ष, मनोज कुमार टण्डन व्यापारी सुरक्षा फोरम संस्थान प्रदेश संरक्षक, इब्राहिम मंसूरी अध्यक्ष ड्रग एसोसिएशन अमरोहा, गुरेन्द्र सिंह अध्यक्ष भट्ठा एसोसिएशन अमरोहा, मशकुरूल हसन अध्यक्ष टैक्स बार एसोसिशन अमरोहा, अमित खण्डेलवाल महामंत्री टैक्स बार एसोसिशन अमरोहा, अकरम व्यापारी रेडीमेड गारमेंट्स नौगाँवा आदि उपस्थित रहे। विभाग की ओर से उपायुक्त महेश चन्द्र, आर०के० मौर्य, डॉ० आलोक श्रीवास्तव तथा सहायक आयुक्त करिश्मा अग्रवाल, रंजीत रमन, मन्दार सिंह यादव उपस्थित रहे। कार्यक्रम के अंत में व्यापारियों को स्मृति-चिन्ह प्रदान किये गये। जिलाधिकारी महोदया द्वारा कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए बताया कि व्यापारियों द्वारा सार्थक सुझाव दिये गये हैं, जिन्हें शासन तक पहुँचाया जाएगा । इस तरह के व्यापारी संवाद कार्यक्रम नियमित रूप से होने चाहिए, जिससे कि व्यापारियों की समस्याओं का समाधान होता रहेगा ।

# अमरोहा में मतदाता सूची की सार्वजनिक पठन प्रक्रिया संपन्न



**अमरोहा (सब का सपना):-** जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स, आई.ए.एस. के निदेर्शानुसार आज सभी मतदेय स्थलों पर बूथ लेवल अधिकारी (बीएलओ) द्वारा आलेख्य मतदाता सूची को जोर-शोर से पढ़कर सुनाया गया। यह विशेष अभियान मतदाताओं को अपनी नामावली की जाँच करने, त्रुटियों को सुधारने तथा नए नाम जुड़वाने का अवसर प्रदान करने के लिए आयोजित किया गया था।बीएलओ के पास पर्याप्त संख्या में फॉर्म 6 (नया नाम जोड़ने हेतु), फॉर्म 7 (नाम हटाने हेतु) तथा फॉर्म 8 (संशोधन हेतु) उपलब्ध थे। सभी मतदाताओं को सूची सुनने और आवश्यक दावे-आपत्ति दर्ज करने के लिए प्रोत्साहित किया गया।इस दौरान ईआरओ, एईआरओ, बीएलओ सुपरवाइजर सहित अन्य वरिष्ठ अधिकारी भी विभिन्न बूथों का भ्रमण कर कार्यक्रम की प्रभावी निगरानी कर रहे थे। जिला निर्वाचन अधिकारी निधि गुप्ता वत्स ने स्वयं कई मतदान केंद्रों का निरीक्षण किया तथा व्यवस्थाओं की समीक्षा की।यह प्रयास उत्तर प्रदेश में चल रहे विशेष संक्षिप्त पुनरीक्षण (SIR) अभियान का हिस्सा है, जिसका उद्देश्य मतदाता सूची को अद्यतन, त्रुटिरहित और पारदर्शी बनाना है। अधिकारियों ने सभी मतदाताओं से अपील की है कि वे अपने बूथ पर जाकर नाम की जाँच अवश्य करें।

# मदरसा तरतीलुल कुरान में कुरान मुकम्मल करने वाले बच्चों के सम्मान में जलसे का आयोजन



**सम्भल(सब का सपना):-** सराय तरीन अबू सईद (लालकी कब्रिस्तान) स्थित मदरसा तरतीलुल कुरान में बच्चों के कुरान मुकम्मल करने की खुशी में एक दीनी जलसे का आयोजन किया गया। जलसे की शुरूआत कारी सलमान द्वारा पवित्र कुरान की तिलावत से की गई। दीनी जलसे को संबोधित करते हुए मेहमान-ए-खुसूसी मौलाना मुफ्ती रियाज उल हक ने कहा कि दुनियावी तालीम के साथ-साथ दीनी शिक्षा पर भी विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि हाफिज-ए-कुरान से कयामत के दिन कहा जाएगा कि कुरान पढ़ते जाओ और जन्नत के दर्जों पर चढ़ते जाओ।हाफिज-ए-कुरान का अल्लाह के यहां बहुत ऊंचा मुकाम है। मौलाना ने कुरान मजीद की अहमियत पर रोशनी डालते हुए कहा कि कुछ बच्चे एक वर्ष या डेढ़ वर्ष में कुरान मुकम्मल करते हैं, जबकि कुछ कम समय में ही इसे पूरा कर लेते हैं, लेकिन अल्लाह की रहमत से कुरान मजीद जीवन भर सीने में महफूज रहता है। बीमारी या किसी भी हालत में इंसान इसे नहीं भूलता। कुरान मजीद पूरी इंसानियत के लिए अजीम नेमत और कयामत तक के लिए हिदायत है। इसकी हिफाजत की जिम्मेदारी अल्लाह ने खुद ली है। उन्होंने कहा कि जो बच्चा कुरान हिफ्ज करता है, अल्लाह उसे बेशुमार इनामों से नवाजता है और कयामत के दिन ऐसे बच्चे के मां-बाप के सिर पर ऐसा ताज पहनाया जाएगा, जिसकी रोशनी सूरज से भी अधिक चमकदार होगी। इस अवसर पर कुरान हिफ्ज करने वाले हाफिज मु. आतिफ, हाफिज मु. अदनान, हाफिज मु. अब्दुल्लाह, हाफिज मु. रजा, हाफिज मु. अरहम और हाफिज मु. कैफ को फूल-मालाएं पहनाकर सम्मानित किया गया। जलसे की निजामत कारी मुजफ्फर कासमी ने की। अंत में मुल्क में अमन-चैन और तरक्की के लिए दुआ कराई गई। इस मौके पर हाफिज फखरे आलम, कारी मुजफ्फर, कारी सलमान, हाजी अनीस, हाजी यामीन, हाजी मोहम्मद नबी, हाफिज नुमान, मु. मुशाहिद कुरैशी, मु. रईस, हाफिज सईद, हाफिज उस्मान, हाजी सलीम, हाफिज फैसल सहित बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे।

# पुलिस परिवार परामर्श केंद्र की बैठक में सात परिवारों का हुआ पुनर्मिलन



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** शनिवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में तथा अपर पुलिस अधीक्षक (दक्षिणी) अनुकृति शर्मा एवं क्षेत्राधिकारी बहजोई डॉ. प्रदीप कुमार सिंह के निदेर्शानुसार पुलिस परिवार परामर्श सुलह-समझौता केंद्र की बैठक पुलिस लाइन मंडी समिति बहजोई में आयोजित की गई। बैठक का आयोजन नियमित काउंसलिंग परामर्श केंद्र प्रभारी डॉ. रुकमपाल सिंह की देखरेख में किया गया। इस दौरान पति-पत्नी के बीच उत्पन्न आपसी विवादों को सुलह-समझौते के माध्यम से निस्तारित करने का प्रयास किया गया। काउंसलर्स के सहयोग से कुल 46 पत्रावलियों की सुनवाई की गई, जिनमें से 20 पत्रावलियों का सफलतापूर्वक निस्तारण किया गया। परामर्श प्रक्रिया के दौरान 7 परिवारों को आपसी सहमति के आधार पर पुनः मिलाया गया। वहीं 9 पत्रावलियों को आवेदक द्वारा जोर न देने के कारण बंद कर दिया गया, जबकि 3 मामलों में विधिक कार्यवाही किए जाने की संस्तुति की गई। इस अवसर पर काउंसलर अखिलेश अग्रवाल, लव मोहन वार्ष्णेय, संगीता भार्गव, श्वेता गुप्ता, सीमा आर्य, बबीता शर्मा, कंचन माहेश्वरी सहित कांस्टेबल शहजाद मलिक, एलएचसी रश्मि गहलोत, एलसी ज्योति आदि उपस्थित रहे। परिवार परामर्श केंद्र द्वारा किए जा रहे इन प्रयासों से टूटते परिवारों को नई दिशा मिल रही है और आपसी विवादों का शांतिपूर्ण समाधान संभव हो पा रहा है।

# भीषण सड़क हादसा पिकअप ने टेंपो को मारी टक्कर, महिला की मौत, छह घायल



**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** थाना क्षेत्र में शनिवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। बहजोई से इस्लामनगर की ओर जा रहे एक टेंपो को ग्राम मऊ कठैर के पास तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि टेंपो में सवार सात लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना के बाद मौके पर अफरा-तफरी मच गई। सूचना मिलते ही 108 एम्बुलेंस सेवा मौके पर पहुंची और सभी घायलों को तत्काल सरकारी अस्पताल बहजोई लाया गया। यहां चिकित्सकों ने अफसाना पत्नी इकबाल (40) निवासी अढ़ोल थाना हयातनगर को मृत घोषित कर दिया। महिला को अस्पताल लाने से पहले ही उसकी मौत हो चुकी थी। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। बताया जा रहा है कि मृतिका अपने पति के साथ बदायूं कारागार में अपने बेटे से मिलने जा रहे थे। हादसे में गंभीर रूप से घायल लोगों में इकबाल पुत्र रफीक (42) निवासी अढ़ोल थाना हयातनगर, डालचंद पुत्र बलवीर (40) निवासी फैक्ट्री क्वार्टर बहजोई, दिव्यांश पुत्र सचिन (3) निवासी फिरोजपुर थाना बिसौली, सचिन पुत्र कुमारपाल (30) निवासी फिरोजपुर और गुड़िया पत्नी सचिन (25) निवासी फिरोजपुर शामिल हैं। सभी घायलों की हालत नाजुक बताई जा रही है, जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद उच्च चिकित्सा केंद्र रेफर कर दिया गया। वहीं भीमसेन यादव उर्फ रहीश पाल (45) निवासी अढ़ोल की हालत अपेक्षाकृत सामान्य बताई गई है, जिन्हें रेफर नहीं किया गया और उनका इलाज स्थानीय स्तर पर चल रहा है। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार हादसे के समय क्षेत्र में अत्यधिक कोहरा छाया हुआ था,
जिससे दृश्यता काफी कम थी। इसी दौरान तेज रफ्तार पिकअप वाहन ने टेंपो में जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि टेंपो बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया। घटना की सूचना मिलते ही बहजोई कोतवाली पुलिस मौके पर पहुंची। पुलिस ने दुर्घटनाग्रस्त दोनों वाहनों को सड़क से हटवाकर यातायात सुचारू कराया। पुलिस ने पिकअप चालक और टेंपो को हिरासत में ले लिया है तथा दुर्घटना के वास्तविक कारणों की जांच में जुट गई है। यह दर्दनाक हादसा सुबह करीब 7:30 बजे हुआ। घटना के बाद मृतका के परिजनों में कोहराम मच गया, वहीं पूरे क्षेत्र में शोक की लहर दौड़ गई है।

# यातायात पुलिस ने चलाया सड़क सुरक्षा जागरूकता अभियान

## हेलमेट व सीट बेल्ट के प्रयोग पर दिया गया विशेष जोर, पंपलेट वितरित



**चंदौसी/सम्भल(सब का सपना):-** रविवार को पुलिस अधीक्षक जनपद सम्भल कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में कस्बा चन्दौसी में यातायात पुलिस द्वारा सड़क सुरक्षा को लेकर विशेष जागरूकता अभियान चलाया गया। अभियान के दौरान आमजन एवं वाहन चालकों को यातायात नियमों की विस्तृत जानकारी दी गई और नियमों के पालन के लिए प्रेरित किया गया। यातायात पुलिसकर्मियों ने दोपहिया वाहन चालकों को हेलमेट तथा चारपहिया वाहन चालकों को सीट बेल्ट के अनिवार्य प्रयोग के महत्व के बारे में बताया। पुलिस ने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट का प्रयोग न केवल चालान से बचने के लिए, बल्कि जीवन की सुरक्षा के लिए अत्यंत आवश्यक है। थोड़ी सी लापरवाही गंभीर दुर्घटना का कारण बन सकती है। अभियान के दौरान लोगों को सड़क पर हमेशा बाईं ओर (लेफ्ट साइड) वाहन चलाने, निर्धारित गति सीमा का पालन करने, ओवरटेक न करने तथा वाहन चलाते समय मोबाइल फोन का प्रयोग न करने जैसे महत्वपूर्ण यातायात नियमों से भी अवगत कराया गया। साथ ही बताया गया कि नशे की हालत में वाहन चलाना जानलेवा हो सकता है और इससे स्वयं के साथ-साथ दूसरों की जान भी खतरे में पड़ जाती है। यातायात पुलिस द्वारा आमजन को यातायात नियमों से संबंधित पंपलेट भी वितरित किए गए, जिनमें सड़क सुरक्षा से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दी गई थीं। पुलिस ने लोगों से अपील की कि वे स्वयं नियमों का पालन करें और अपने परिवार व आसपास के लोगों को भी यातायात नियमों के प्रति जागरूक करें। पुलिस अधिकारियों ने कहा कि सड़क सुरक्षा सभी की जिम्मेदारी है और नियमों का पालन करके ही दुर्घटनाओं में कमी लाई जा सकती है। यातायात पुलिस द्वारा आगे भी इस तरह के जागरूकता अभियान लगातार चलाए जाएंगे।

# जिलाधिकारी ने एसआईआर के कार्यों को लेकर मतदेय स्थलों को किया चेक



**बबराला/संभल(सब का सपना):-** जनपद में रविवार को दावे एवं आपत्तियां प्राप्त करने के लिए विशेष अभियान के अन्तर्गत आलेख्य निर्वाचन नामावलियां जनपद के सभी विधानसभा निर्वाचन क्षेत्रों के सभी मतदेय स्थलों / मतदान केंद्रों पर बैठकों का आयोजन करते हुए पढ़े जाने के निर्देश निर्वाचन आयोग द्वारा दिए गये थे। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया द्वारा एसआईआर के कार्यों को लेकर बाबू राम सिंह इण्टर कॉलेज बबराला के मतदेय स्थलों को चेक किया। जिलाधिकारी द्वारा संबंधित बीएलओ से अद्यतन मतदाता सूची ,फार्म संख्या 6, 7 एवं 8 तथा घोषणा पत्र (अनुलग्नक 4) तथा सूची के पढ़े जाने को लेकर जानकारी प्राप्त की एवं संबंधित को आवश्यक दिशा निर्देश दिए। इस अवसर पर उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार एवं संबंधित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने एक वांछित अभियुक्त किया गिरफ्तार



**असमोली/सम्भल(सब का सपना):-** पुलिस अधीक्षक कृष्ण कुमार के कुशल निर्देशन में जनपद में कानून व्यवस्था बनाए रखने तथा अपराध व अपराधियों पर प्रभावी नियंत्रण के उद्देश्य से चलाए जा रहे अभियान के तहत रविवार को थाना असमोली पुलिस द्वारा कार्रवाई की गई। जानकारी के अनुसार शनिवार को थाना असमोली क्षेत्र के ग्राम सैधरी निवासी गंगासिंह पुत्र कन्हई द्वारा तहरीर दी गई थी, जिसमें बताया गया कि अभियुक्तों द्वारा रास्ते में जानवर बांधने को लेकर कहासुनी व गाली-गलौज की गई तथा पीड़ित के पुत्र के साथ मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी गई। पीड़ित की तहरीर के आधार पर थाना असमोली पर सुसंगत धाराओं में अभियोग पंजीकृत किया गया था। रविवार को थाना असमोली पुलिस टीम ने उक्त मुकदमे में वांछित अभियुक्त मोनू उर्फ मीनू पुत्र तेजराम को सैधरी चौराहे के पास से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस द्वारा आरोपी के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की जा रही है। पुलिस अधीक्षक द्वारा स्पष्ट किया गया है कि जनपद में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध अभियान आगे भी लगातार जारी रहेगा।

# आरएसएस के शताब्दी वर्ष पर बहजोई में हुआ भव्य हिंदू सम्मेलन






**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के शताब्दी वर्ष के उपलक्ष्य में बहजोई नगर के रेलवे रोड स्थित हनुमान मंदिर परिसर में हिंदू सम्मेलन का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरूआत भारत माता के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन कर की गई। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता अतुल (मुजफ्फरनगर) रहे, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में महंत आचार्य मोहन जोशी उपस्थित रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता मुकेश मेडिकल ने की। इस अवसर पर जिला प्रचारक दीपक, नगर प्रचारक अमन, संगठन की ओर से जिला संघचालक अनिल शास्त्री, जिला व्यवस्था प्रमुख मनोज कुमार, कर सेवक, जिला बौद्धिक प्रमुख संदीप सहित अनेक पदाधिकारी मौजूद रहे। सम्मेलन के दौरान नन्हे-मुन्ने बच्चों द्वारा राम नाम आधारित भक्ति गीत पर मनमोहक नृत्य प्रस्तुति दी गई, जिसे उपस्थित लोगों ने खूब सराहा। वक्ताओं ने अपने संबोधन में आरएसएस के शताब्दी वर्ष के महत्व पर प्रकाश डालते हुए संगठन द्वारा राष्ट्रहित में किए जा रहे कार्यों की जानकारी दी। कार्यक्रम में कमल कुमार, कमल भारत सिंह, पूर्व एमएलसी मंजू दिलेर, अरविंद साहू, राजीव कुमार, अंकित ज्ञानी, अंशुल सहित अनेक गणमान्य नागरिकों की उपस्थिति रही। कार्यक्रम का संचालन राजीव कुमार गुरुजी द्वारा किया गया। कार्यक्रम शांतिपूर्ण एवं उत्साहपूर्ण वातावरण में संपन्न हुआ।

# समाधान दिवस में डीएम ने शिकायतों के त्वरित व गुणवत्तापूर्ण निस्तारण के दिए निर्देश

## जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुन्नौर का किया निरीक्षण






**सम्भल(सब का सपना):-** जनसामान्य की शिकायतों के त्वरित एवं प्रभावी निस्तारण के उद्देश्य से शनिवार को जनपद की तीनों तहसीलों में संपूर्ण समाधान दिवस का आयोजन किया गया। तहसील गुन्नौर के सभागार में आयोजित कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाधिकारी डॉ. राजेंद्र पैंसिया एवं मुख्य विकास अधिकारी गोरखनाथ भट्ट ने की। संपूर्ण समाधान दिवस के दौरान जिलाधिकारी ने शिकायतकताओं की समस्याएं सुनते हुए संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया कि शिकायतों को लंबित न रखा जाए और उनका समयबद्ध व गंभीरता से निस्तारण किया जाए। विशेष रूप से भूमि विवाद से संबंधित मामलों को प्राथमिकता के आधार पर निपटाने के निर्देश दिए गए, ताकि शिकायतकताओं को बार-बार सरकारी कार्यालयों के चक्कर न लगाने पड़ें। डीएम ने पुलिस विभाग से जुड़ी शिकायतों की भी सुनवाई की और संबंधित थानाध्यक्षों को शीघ्र निस्तारण के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि शिकायतों का गुणवत्तापूर्ण निस्तारण सुनिश्चित किया जाए, जिससे शिकायतकर्ता पूरी तरह संतुष्ट हो सके। साथ ही थानाध्यक्षों एवं राजस्व विभाग के अधिकारियों को अपने-अपने क्षेत्रों में भूमि विवाद से जुड़े टॉप टेन मामलों को चिन्हित कर जल्द निस्तारित करने के निर्देश दिए। संपूर्ण समाधान दिवस के उपरांत जिलाधिकारी ने कस्तूरबा गांधी बालिका विद्यालय गुन्नौर का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान उन्होंने विद्यालय की भूमि की पैमाइश कराने के निर्देश दिए। इसके साथ ही गुन्नौर उच्च प्राथमिक विद्यालय एवं प्राथमिक विद्यालय को संभल श्री विद्यालय में शामिल कर उसे संतृप्त किए जाने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए। डीएम ने विद्यालय परिसर की साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि शिक्षा के वातावरण को स्वच्छ और अनुशासित बनाए रखना आवश्यक है। इस अवसर पर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक, उप जिलाधिकारी गुन्नौर अवधेश कुमार सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# 236वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का किया गया आयोजन



**सम्भल(सब का सपना):-** रविवार को जनपद के 28 प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों एवं 05 नगरीय प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर 236वें मुख्यमंत्री आरोग्य मेले का आयोजन किया गया। मेले का उद्देश्य आमजन को बेहतर स्वास्थ्य सेवाएं उपलब्ध कराना एवं विभिन्न रोगों की समय पर जांच एवं उपचार सुनिश्चित करना रहा। आरोग्य मेला सत्रों में कुल 34 चिकित्सकों एवं 132 पैरामेडिकल स्टाफ द्वारा 2429 रोगियों का निःशुल्क उपचार किया गया। इनमें 1123 पुरुष, 887 महिला एवं 419 बच्चे शामिल रहे। इसके साथ ही आयुष्मान भारत जन-आरोग्य योजना के अंतर्गत 124 पात्र लाभार्थियों के गोल्डन कार्ड भी बनाए गए। मेले के दौरान विभिन्न रोगों के मरीजों की जांच व उपचार किया गया, जिसमें बुखार के 259, चर्म रोग के 482, दमा के 321, मधुमेह के 121, नेत्र रोग के 47, उच्च रक्तचाप के 58 तथा अन्य रोगों के मरीज शामिल रहे। बुखार से पीड़ित मरीजों में से 26 की मलेरिया एवं 08 की डेंगू जांच कराई गई, जिसमें सभी संदिग्ध मामलों की रिपोर्ट निगेटिव पाई गई। जनपद के सभी प्राथमिक स्वास्थ्य केन्द्रों पर परिवार नियोजन से संबंधित परामर्श एवं सामग्री उपलब्ध कराने के लिए चॉइस ऑफ बास्केट के अंतर्गत अलग-अलग काउंटर बनाए गए, जहां लाभार्थियों को जागरूक किया गया। जिलाधिकारी के निदेर्शों के अनुपालन में जनपद की समस्त आशाओं द्वारा सोर्स रिडक्शन एवं संचारी रोगों से बचाव के प्रति लोगों को जागरूक किया गया। इसके साथ ही एक युद्ध नशे के विरुद्ध अभियान के तहत 214 व्यक्तियों को तंबाकू छोड़ने के लिए परामर्श दिया गया। आरोग्य मेला सत्रों में आए 23 रोगियों को टेली-मानस (टेली-मानस) काउंसलिंग सुविधा भी उपलब्ध कराई गई, जिससे मानसिक स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं पर परामर्श दिया जा सका। जनपद में आयोजित समस्त आरोग्य मेला सत्रों का निरीक्षण मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण पाठक एवं अन्य जनपद स्तरीय अधिकारियों द्वारा किया गया। अधिकारियों ने स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता पर संतोष व्यक्त करते हुए व्यवस्थाओं को और बेहतर बनाने के निर्देश दिए।

# दिव्यांगों व गरीब वर्गों को आत्मनिर्भर बनाना ही मेरा एकमात्र उद्देश्य:- एमआर पाशा

**राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा दिव्यांगों को 1300 कम्बल,10 ट्राई साइकिल,04 व्हीलचेयर,वैशाखी अन्य उपकरणों का किया गया निशुल्क वितरण**

**बिजनौर (सब का सपना):-** राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन द्वारा शनिवार को नूरपुर- स्योहारा मार्ग पर पारकर पब्लिक स्कूल बुढनपुर में कम्बल,ट्राई साइकिल,व्हीलचेयर वैशाखी व अन्य उपकरण वितरण कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसमें राष्ट्रीय विकलांग एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा द्वारा दिव्यांगों,वृद्ध,विधवा, गरीब मजदूरों को 1300 कम्बल एवं दिव्यांगों को 04 व्हीलचेयर,10 ट्राई साइकिल, वैशाखी व अन्य उपकरण का वितरण का आयोजन किया गया।





मुख्य अतिथि लोकप्रिय विधायक धामपुर अशोक कुमार राणा,लोकप्रिय वरिष्ठ समाजसेवी डॉ मनोज वर्मा,जीएम अवध शुगर मिल स्योहारा सुखवीर सिंह,ब्लाक प्रमुख स्योहारा उज्जवल चौहान,पूर्व चेयरमैन स्योहारा अख्तर जलील,डीपीसीआरसी सीनियर फैकल्टी मैनेजर सतेन्द्र शर्मा,राज्य प्रशिक्षक ईशांत शर्मा, स्कूल प्रबंधक उमेश राणा,भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक द्वारा दिव्यांगों,वृद्ध,विधवाओं, मजदूर गरीब एवं दिव्यांगों को 1300 कम्बल,04 व्हीलचेयर,10 ट्राई साईकिल,वैशाखी व अन्य उपकरण को इनके हाथों वितरण की गई। राष्ट्रीय अध्यक्ष एमआर पाशा व वाइस प्रेसिडेंट मौहम्मद वसीम,नसीम अहमद व पदाधिकारियों द्वारा अतिथियों का शॉल ओढ़ाकर सम्मानित किया। कार्यक्रम का संचालन स्टेट मास्टर ट्रेनर,कवि इशांत शर्मा व इकराम ठेकेदार ने संयुक्त रूप से किया। इस मौके पर भावी प्रत्याशी जिला पंचायत सदस्य हाजी शहजाद मलिक, सरताज अंसारी,जिला अध्यक्ष मौ शाकिर,मौ आजम अंसारी, मास्टर शहजाद गोविंदपुर वाले,मौ0 शाहे आलम, सुशील, नकुल विदेश मास्टर अफजाल नाजिम मलिक,फहीम रायपुर, दिलशाद कोटकादर, अजमल सितारे आलम, इंतजाम, इकराम ठेकेदार, मौलाना फहीम उस्मानी आदि मौजूद रहे।

# ऑल इंडिया भारतीय बार परीक्षा में अनुराग चौहान की कामयाबी, क्षेत्र में हर्ष की लहर

**स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):-** कभी कभी किसी एक व्यक्ति की सफलता पूरे समाज का आत्मविश्वास बन जाती है। अखिल भारतीय बार परीक्षा में अनुराग चौहान की सफलता भी कुछ ऐसी ही है, एक ऐसी उपलब्धि, जिसने न केवल उनके परिवार, बल्कि शिक्षा जगत और पूरे क्षेत्र को गर्व से भर दिया है।



लक्ष्य ग्रुप ऑफ एजुकेशन के डायरेक्टर अनुराग चौहान ने बार काउंसिल ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित इस अत्यंत कठिन और प्रतिष्ठित परीक्षा को सफलतापूर्वक उत्तीर्ण कर यह सिद्ध कर दिया कि निरंतर परिश्रम, स्पष्ट लक्ष्य और सामाजिक सरोकार साथ हों, तो कोई भी मंज़िल दूर नहीं रहती। यह परीक्षा केवल ज्ञान की नहीं, बल्कि जिम्मेदारी की कसौटी होती है। यह सुनिश्चित करती है कि देश की न्याय-व्यवस्था योग्य और संवेदनशील हाथों में रहे। अनुराग चौहान पहले ही एल.एल.एम. (मानव अधिकार) की डिग्री प्राप्त कर चुके हैं और समाज के प्रत्येक व्यक्ति तक न्याय और अधिकारों की समझ पहुँचाने के उद्देश्य से निरंतर कार्यरत हैं। उनकी इस उपलब्धि की खुशी में शुक्रवार को मुरादाबाद मार्ग स्थित लक्ष्य ग्रुप कॉलेज परिसर में मिठाइयों का वितरण हुआ। छात्रझछात्राओं और शिक्षकों की आँखों में गर्व साफ झलक रहा था। किसी ने इसे प्रेरणा बताया, तो किसी ने भविष्य के लिए उम्मीद की किरण। अनुराग चौहान की पहचान केवल एक सफल अधिवक्ता के रूप में ही नहीं, बल्कि एक जागरूक नागरिक और सरल, मिलनसार व्यक्तित्व के रूप में भी है। वे युवाओं को शिक्षा के साथ-साथ सामाजिक दायित्वों और कानून के प्रति सजग रहने का संदेश देते रहे हैं। यह सफलता केवल एक व्यक्ति की नहीं वरन यह उस विश्वास की जीत है कि शिक्षा अगर उद्देश्यपूर्ण हो, तो समाज को दिशा देती है। आज अनुराग चौहान की कामयाबी क्षेत्र के लिए गर्व और युवाओं के लिए प्रेरणा बन चुकी है।

# स्योहारा पुलिस ने दो चोरी के मामलों का खुलासा कर दो आरोपियों को किया गिरफ्तार

**स्योहारा/बिजनौर (सब का सपना):-** जनपद बिजनौर के थाना स्योहारा क्षेत्र में हुई दो अलग-अलग चोरी की घटनाओं का पुलिस ने खुलासा करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से नगदी समेत बड़ी मात्रा में चोरी किया गया घरेलू सामान, गैस सिलेंडर, बैटरियां व चांदी के बर्तन बरामद किए हैं। पुलिस के अनुसार शनिवार को मोहल्ला मुस्लिम चौधरियान निवासी रुखसार पत्नी फहीम अहमद ने थाना स्योहारा में तहरीर दी थी कि अज्ञात चोरों ने उसके घर से गैस सिलेंडर, बैटरियां, पीतल व सफेद धातु के जेवर, नकदी और घरेलू बर्तन चोरी कर लिए हैं। इसी दिन ग्राम कुरी बांगड़ निवासी चांद बाबू ने भी कोल्हू से इन्वर्टर और बैटरी चोरी होने की शिकायत दर्ज कराई थी। दोनों मामलों में अलग-अलग मुकदमे दर्ज किए गए थे। जांच के दौरान थाना स्योहारा



पुलिस ने कार्रवाई करते हुए फरमान पुत्र अशरफ और शानू उर्फ शहनवाज पुत्र अकरम को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि पैसों की तंगी और नशे की लत के चलते उन्होंने बंद पड़े मकान को निशाना बनाया और चोरी की। चोरी किया गया अधिकांश सामान बेचने से पहले ही पुलिस ने बरामद कर लिया, जबकि कुछ नकदी खर्च हो चुकी थी। पुलिस ने आरोपियों की निशानदेही पर गैस सिलेंडर, चांदी के बर्तन, बैटरियां, नकदी सहित अन्य सामान बरामद किया है। दोनों आरोपियों के खिलाफ संबंधित धाराओं में कार्रवाई कर आगे की विधिक प्रक्रिया की जा रही है।

# रेहड़ में हाईटेंशन तार चोरी का खुलासा, पुलिस ने आरोपी को किया गिरफ्तार

**रेहड/बिजनौर (सब का सपना):-** थाना क्षेत्र में हाईटेंशन एल्युमिनियम तार चोरी के मामले में पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया। जानकारी के अनुसार, लगभग चार महीने पहले स्टोर इंचार्ज वसी अहमद ने थाना में तहरीर देकर बताया कि मेघा इंजीनियरिंग इन्फ्रास्ट्रक लि० से लगभग 1500 मीटर तार चोरी हो गया था। मामले की जांच के दौरान कई नाम प्रकाश में आए, जिनमें से



आठ आरोपियों को पहले ही जेल भेजा जा चुका था। पुलिस ने शनिवार को आरोपी इमरान उर्फ गप्पी निवासी ग्राम सिहारी को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपी ने स्वीकार किया कि उसने लगभग चार महीने पहले अपने साथियों के साथ मिलकर उक्त तार चोरी की थी।

चोरी किए गए तार में से कुछ हिस्से को उनके सहयोगियों ने कबाड़ में बेच दिया था, जबकि आरोपी के हिस्से में आए लगभग 6000 रुपये उसने खर्च कर दिए थे। पुलिस ने घटना में प्रयुक्त सामग्री और आरोपी को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम कार्रवाई शुरू कर दी है। बताया गया कि मामले की जांच अब भी जारी है।

# ट्यूबवेल से केबिल चोरी के मामले में युवक को गिरफ्तार कर जेल भेजा

**हीमपुर दीपा/बिजनौर (सब का सपना):-** थाना क्षेत्र में ट्यूबवेल से केबिल चोरी का मामला सामने आने पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए एक युवक को चोरी के सामान सहित गिरफ्तार कर लिया। पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार ग्राम छाछरी टीप निवासी राजीव कुमार ने शनिवार को थाना हीमपुर दीपा में तहरीर देकर अवगत कराया कि उनकी ट्यूबवेल के समरसेबल पंप का केबिल काटकर चोरी किया गया,



जिसे वादी और अन्य ग्रामीणों ने मौके पर ही पकड़ लिया। मौके से चार-चार मीटर तांबे का तार, एक आरी तथा घटना में प्रयुक्त एक ई-रिक्शा बरामद किया गया, जिसे पुलिस के सुपुर्द कर दिया गया। प्राप्त तहरीर के आधार पर थाना हीमपुर दीपा पुलिस ने मामला दर्ज कर कार्रवाई करते हुए ग्राम दारानगर गंज, नफीस उर्फ सुहैल को हिरासत में ले लिया। पुलिस का कहना है कि बरामद सामान को कब्जे में लेकर नियमानुसार अग्रिम विधिक कार्रवाई की जा रही है और मामले की जांच प्रक्रिया आगे बढ़ाई जा रही है।

# डीएम ने गौ आश्रय स्थल का किया निरीक्षण साफ-सफाई, व अतिरिक्त व्यवस्था के निर्देश

**शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा जरूरतमंद लोगों को किया गया कंबलों का वितरण**

**बहजोई/सम्भल(सब का सपना):-** रविवार को जिलाधिकारी डॉ. राजेन्द्र पैंसिया द्वारा विकासखण्ड बहजोई के अंतर्गत निराश्रित गौ आश्रय स्थल घासीपुर का निरीक्षण किया गया। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल की सभी व्यवस्थाओं का बारीकी से जायजा लिया और साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। साथ ही गौ आश्रय स्थल में एक अतिरिक्त सफाई कर्मी की तैनाती के निर्देश भी संबंधित अधिकारियों को दिए।



जिलाधिकारी ने गौ आश्रय स्थल के गेट एवं चहारदीवारी निर्माण को लेकर भी संबंधित विभाग को आवश्यक निर्देश दिए। इसके अलावा केयर टेकर की संख्या बढ़ाने के निर्देश देते हुए कहा कि निराश्रित गौवंशों की देखभाल में किसी प्रकार की लापरवाही नहीं होनी चाहिए। निरीक्षण के दौरान जिलाधिकारी ने गौवंशों को गुड़ खिलाकर उनके स्वास्थ्य एवं संरक्षण के प्रति प्रशासन की प्रतिबद्धता जताई। इसके उपरांत शीतलहर को देखते हुए जिलाधिकारी द्वारा रेलवे क्रॉसिंग के पास खाटू श्याम मंदिर के निकट जरूरतमंद लोगों को कंबलों का वितरण किया गया। उन्होंने कहा कि ठंड के मौसम में बेसहारा एवं जरूरतमंद लोगों को हर संभव सहायता उपलब्ध कराई जाएगी। इस अवसर पर पशु चिकित्सा अधिकारी बहजोई डॉ. प्राची सिंह सहित संबंधित अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित रहे।

# वसीम अब्बासी कांग्रेस पिछड़ा वर्ग के जिला महासचिव मनोनीत

**कांग्रेस के धामपुर नगराध्यक्ष नदीम नजाकत खां ने दी बधाई**

**धामपुर/बिजनौर (सब का सपना):-** जिला कांग्रेस कमेटी (पिछड़ा वर्ग विभाग) बिजनौर के जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति ने पुराना धामपुर निवासी वसीम अहमद अब्बासी को पिछड़ा वर्ग का जिला महासचिव मनोनीत किया है। जिलाध्यक्ष मोहित प्रजापति ने कहा कि वसीम अब्बासी की कांग्रेस संगठन के प्रति निष्ठा और पिछडे समाज के लोगों की समस्याओं के निराकरण की दिशा में किये जा रहे प्रयासों को देखते हुए आपको पिछड़ा वर्ग का जिला महासचिव मनोनीत किया गया है। साथ ही आपसे अपेक्षा



की जाती है कि आप जिला बिजनौर में संगठन को मजबूत करने और पिछड़े समाज के लोगों को अधिक से अधिक संख्या में कांग्रेस संगठन से जोडकर कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी, पिछड़ा वर्ग विभाग के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनिल जयहिंद, पिछड़ा वर्ग विभाग के प्रदेश अध्यक्ष मनोज यादव के हाथों को मजबूत बनाने में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाएंगे।

कांग्रेस पार्टी के धामपुर नगर अध्यक्ष नदीम नजाकत खां ने कहा कि वसीम अहमद अब्बासी के पिछड़ा वर्ग के जिला महासचिव बनने से संगठन को और मजबूती मिलेगी। क्योंकि वसीम अब्बासी पिछड़ा वर्ग के हैं और वह पिछड़े समाज को कांग्रेस से जोड़ने का काम करेंगे।

# जिलाधिकारी द्वारा लाभार्थियों को धनराशि अंतरण हेतु प्रमाणपत्र देकर किया सम्मानित

**सभी का हो पक्का मकान सरकार  गरीब /पात्र व्यक्तियों के  सपनों को कर रही साकार:- जिलाधिकारी**

**बहजोई/संभल(सब का सपना):-** प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत प्रदेश में 2 लाख लाभार्थियों के बैंक खातों में सीधे ड्ड2,000 करोड़ की अनुदान राशि के अंतरण कार्यक्रम में सम्मिलित होते मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान गोमती नगर लखनऊ कार्यक्रम का सजीव प्रसारण कलेक्ट्रेट सभागार सम्भल में देखा गया जिसमें जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने प्रधानमंत्री आवास योजना-शहरी 2.0 के अंतर्गत जनपद में 2186 लाभार्थियों के बैंक खातों में प्रति लाभार्थी ड्ड100000 कुल 21करोड़ 86 लाख रुपए सरकार द्वारा अनुदान राशि का अंतरण किया। उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार की यह महत्वाकांक्षी प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के अंतर्गत का यह भव्य कार्यक्रम है और






सरकार की यह महत्वपूर्ण योजना है सरकार का संकल्प है कि जो पात्र व्यक्ति हैं वह बिना आवास के नहीं रहने चाहिए उनके प्रति मुख्यमंत्री पूर्ण तरीके से संकल्पित हैं उत्तर प्रदेश में ऐसा कोई भी गरीब व्यक्ति नहीं रहेगा वंचित जिसके सिर पर नहीं होगी छत सपनों को सरकार करेगी साकार उत्तर प्रदेश सरकार पात्र को उपलब्ध कराएगी आवास । कलक्ट्रेट सभागार बहजोई में एक भव्य कार्यक्रम का हुआ आयोजन ।

कार्यक्रम में जनपद के 2186 लाभार्थियों को प्रथम किस्त के रूप में ड्ड1,00,000 (एक लाख रुपये) की धनराशि सीधे उनके बैंक खातों में ट्रांसफर की गई। जिलाधिकारी डॉ राजेन्द्र पैंसिया ने कहा कि लाभार्थियों को आवास के लिए कुल तीन किस्त जारी की जाएंगी लाभार्थी इसका सदुपयोग करते हुए अपने सपनों का घर बनाये ।उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री एवं मुख्यमंत्री का स्वप्न है कि हर व्यक्ति को घर मिले ।जिलाधिकारी ने सभी लाभार्थियों को प्रथम किस्त के लिए बधाई दी । इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (वित्त एवं राजस्व) प्रदीप वर्मा तथा डिप्टी कलेक्टर/परियोजना अधिकारी, डूडा निधि पटेल एवं नगर पालिका बहजोई के अध्यक्ष राजेश शंकर राजू तथा नगर पंचायत बबराला के अध्यक्ष हर्षवर्धन एवं नगर पंचायत गवां के अध्यक्ष सर्वेश दिवाकर सहित अधिशासी अधिकारी नगर पालिका सम्भल डॉ मणिभूषण तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पालिका चंदौसी धर्मराज राम एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत बबराला अमरेश तिवारी एवं अधिशासी अधिकारी नगर पंचायत गवां श्वेतांक सारस्वत एवं अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

# पुलिस ने वांछित महिला आरोपी को गिरफ्तार कर भेजा जेल




**मंडावर/बिजनौर (सब का सपना):-** थाना क्षेत्र के ग्राम रामजीवाला में हुई मारपीट की घटना के बाद पुलिस लगातार कार्रवाई करते हुए वांछित आरोपियों की धरपकड़ में जुटी हुई है। पुलिस के अनुसार 11 नवंबर को ग्राम रामजीवाला निवासी नकूल द्वारा थाना मंडावर में तहरीर दी गई थी, जिसमें बताया गया था कि गांव के ही कुछ लोगों द्वारा उसके तथा उसके चाचा प्रभु सिंह के साथ गाली-गलौच करते हुए मारपीट की गई। इस घटना में प्रभु सिंह के सिर में गंभीर चोट आने के बाद वह बेहोश हो गए थे, जबकि आरोपी जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से फरार हो गए थे। सूचना के आधार पर पुलिस ने मामले को दर्ज कर जांच शुरू की थी और घटना की गंभीरता को देखते हुए विवेचना के दौरान आवश्यक विधिक धाराओं में कार्रवाई की गई। पुलिस द्वारा की गई कार्रवाई में इससे पूर्व एक आरोपी को घटना में प्रयुक्त फावड़े सहित गिरफ्तार कर जेल भेजा जा चुका है। इसी क्रम में शनिवार को थाना मंडावर पुलिस ने मामले से संबंधित वांछित महिला आरोपी को भी गिरफ्तार कर लिया। पुलिस का कहना है कि गिरफ्तार आरोपी के विरुद्ध नियमानुसार अग्रिम विधिक प्रक्रिया अपनाई जा रही है तथा प्रकरण से जुड़े अन्य पहलुओं की जांच भी जारी है।

# मोटापा और मधुमेह के खिलाफ जंग में नई उम्मीद, एम्स के डॉक्टरों का दावा - बैरिएट्रिक सर्जरी है प्रभावी विकल्प



**एम्स दिल्ली के चिकित्सकों ने बताया कि बैरिएट्रिक और मेटाबालिक सर्जरी मोटापे व टाइप-2 मधुमेह के लिए प्रभावी उपचार है, खासकर जब अन्य तरीके विफल हो जाएं। हाल ही में एक सपोर्ट ग्रुप मीटिंग में सांसद फग्गन**

**नई दिल्ली।** मोटापा और टाइप-टू मधुमेह आज देश की बड़ी स्वास्थ्य चुनौतियों में शामिल हैं। लंबे समय तक दवाइयों, व्यायाम और खान-पान में बदलाव के बावजूद जब इन बीमारियों पर काबू नहीं पाया जा पाता, तब बैरिएट्रिक और मेटाबालिक सर्जरी एक प्रभावी उपचार विकल्प के रूप में सामने आ रही है। अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान (एम्स), नई दिल्ली के सर्जरी विभाग के चिकित्सकों ने दावा किया कि यह सर्जरी वर्षों पुराने मोटापे और मधुमेह से जूझ रहे मरीजों के लिए नई उम्मीद बन रही है। पेशेंट सपोर्ट ग्रुप मीटिंग का आयोजन एम्स के सर्जरी विभाग, यूनिट-टू में बैरिएट्रिक और मेटाबालिक सर्जरी से जुड़े मरीजों के लिए रविवार को एक पेशेंट सपोर्ट ग्रुप मीटिंग का आयोजन किया गया। इस अकादमिक और मरीज-केंद्रित कार्यक्रम में लाभांवित मरीज के तौर पर डा. फग्गन सिंह कुलस्ते भी उपस्थित थे। कार्यक्रम का उद्देश्य सर्जरी से जुड़े अनुभव साझा करना और मरीजों की शंकाओं का समाधान करना था। एम्स के वरिष्ठ सर्जन एडीशनल प्रो. डा. मंजूनाथ ने बताया कि जब मोटापा और टाइप-टू मधुमेह लंबे समय से नियंत्रित न हो और दवाइयों का असर न होने लगे, तब मेटाबालिक सर्जरी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। दावा किया कि कई मरीजों में 15 से 20 साल पुराने मधुमेह और मोटापे का इलाज लगभग दो घंटे की सर्जरी के बाद सफलतापूर्वक किया गया है। इस सर्जरी के बाद शरीर के मेटाबालिज्म में सकारात्मक बदलाव आते हैं, जिससे ब्लड शुगर नियंत्रण में मदद मिलती है और यह नार्मल आ जाती है। डा. मंजूनाथ ने बताया कि यह सर्जरी केवल वजन घटाने तक सीमित नहीं है, बल्कि हार्मोनल औ चयापचय स्तर पर असर डालती है। इसी कारण इसे मेटाबालिक सर्जरी कहा जाता है। उन्होंने स्पष्ट किया कि यह उपचार तब अपनाया जाता है, जब दवा, व्यायाम और खानपान में बदलाव से अपेक्षित लाभ नहीं मिलता। बैरिएट्रिक सर्जरी कोई सौंदर्य उपचार नहीं कार्यक्रम में उपस्थित एम्स के डा. राजेंद्र कुमार ने सर्जरी से पहले और बाद की सावधानियों, पोषण प्रबंधन और नियमित फालोअप की आवश्यकता पर जोर दिया। कहाकि सही मरीज का चयन और विशेषज्ञ टीम का उपचार ही सर्जरी की सफलता की है। चेताया कि बैरिएट्रिक और मेटाबालिक सर्जरी कोई सौंदर्य उपचार नहीं, बल्कि गंभीर चिकित्सीय प्रक्रिया है, जिसे विशेषज्ञ सलाह और पूरी जांच के बाद ही अपनाया जाना चाहिए। इस अवसर पर सर्जरी से लाभ प्राप्त कर चुके सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि उन्होंने स्वयं एम्स में मेटाबालिक सर्जरी करवाई है और इसके बाद उनके स्वास्थ्य में उल्लेखनीय सुधार हुआ है। उन्होंने एम्स के चिकित्सकों के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि यह उपचार कई मरीजों के जीवन को नई दिशा दे सकता है।

## शराब के नशे में झगड़ा... लकड़ी से सिर पर किया वार, गीता कॉलोनी में रिक्शा चालक की हत्या

**पूर्वी दिल्ली।** गीता कॉलोनी थाना इलाके में अचानक हुए झगड़े में एक युवक की लकड़ी के डंडे से सिर पर वार करके हत्या कर दी गई। घटना के बाद पुलिस ने तुरंत कार्रवाई करते हुए आरोपी को गिरफ्तार कर लिया और अपराध में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार, शुक्रवार रात करीब 9:49 बजे गीता कॉलोनी थाने में एक पीसीआर कॉल आई। कॉल करने वाले ने बताया कि लोनी, गांधी नगर में सर्वोदय स्कूल की बाउंड्री वॉल के पास सड़क किनारे एक आदमी खून से लथपथ पड़ा है। जांच एएसआई रंजीत सिंह को सौंपी गई। मौके पर पहुंचने पर एक आदमी मृत पाया गया, जिसके सिर पर गंभीर चोट थी और चारों ओर खून फैला हुआ था। मृतक की पहचान दानुआ उर्फ लालबत्ती, उम्र 36 साल, निवासी हाथरस जिला, उत्तर प्रदेश के रूप में हुई। बताया गया कि मृतक कुम्हार का काम करता था और रिक्शा भी चलाता था। पुलिस टीम को मौके पर बुलाया गया। इसके बाद शव को जीटीबी अस्पताल भेज दिया गया। सड़क किनारे ढाबे पर शराब पीते समय हुआ झगड़ा घटना के बाद गीता कॉलोनी निवासी 62 वर्षीय शिकायतकर्ता खुशी राम पुलिस के पास आए। अपने लिखित बयान में उन्होंने बताया कि वह गांधी नगर में एसकेवी स्कूल की बाउंड्री वॉल के पास फुटपाथ पर एक सड़क किनारे ढाबा चलाते हैं। शाम को वह अपने ढाबे पर आग ताप रहे थे। उसी समय रिक्शा चालक दानुआ और बंटी आए और शराब पीने लगे। कुछ देर बाद दोनों के बीच कहासुनी हो गई और वे एक-दूसरे को गालियां देने लगे। झगड़ा बढ़ने पर बंटी ने पास पड़ा एक लकड़ी का डंडा उठाया और पूरी ताकत से दानुआ के सिर पर मार दिया। दानुआ जमीन पर गिर गया और उसके मुंह से खून बहने लगा। बाद में उसकी मौके पर ही मौत हो गई। शिकायत के आधार पर पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर आरोपी बंटी को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी की पहचान बंटी, पुत्र सुखराम, निवासी अतरौली गांव, अलीगढ़ जिला, उत्तर प्रदेश, उम्र 26 साल के रूप में हुई। वह पेशे से रिक्शा चालक है। पुलिस ने अपराध में इस्तेमाल किया गया लकड़ी का डंडा भी बरामद कर लिया है। डीसीपी शाहदरा प्रशांत गौतम ने कहा, "शुरुआती जांच में पता चला है कि यह घटना नशे की हालत में लोगों के बीच अचानक हुई बहस के दौरान हुई। आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है, और हत्या में इस्तेमाल किया गया हथियार भी बरामद कर लिया गया है।"

## दिल्ली में साइबर पुलिस ने किया अंतरराज्यीय निवेश धोखाधड़ी सिंडिकेट का भंडाफोड़, 8 आरोपी गिरफ्तार

**नई दिल्ली।** दक्षिण पश्चिम जिले की साइबर पुलिस स्टेशन की टीम ने एक बड़े अंतरराज्यीय निवेश धोखाधड़ी सिंडिकेट का पदार्फाश किया है। इस ऑपरेशन में 8 आरोपियों को विभिन्न राज्यों से गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार आरोपियों में वनपटला सुनील (43 वर्ष), साकिनाला शंकर (61 वर्ष), मनोज यादव (38 वर्ष), संदीप सिंह उर्फ लंकेश (30 वर्ष), आदित्य प्रताप सिंह (23 वर्ष), राहुल (30 वर्ष), शेरू (38 वर्ष) और सोमपाल (34 वर्ष) शामिल हैं। यह सिंडिकेट धोखे से प्राप्त धन को कंबोडिया स्थित हैंडलर्स तक भारतीय म्यूल अकाउंट्स के माध्यम से कमीशन पर पहुंचा रहा था। घटना 7 नवंबर 2025 को वसंत कुंज, नई दिल्ली की रहने वाली 42 वर्षीय महिला एमएस ए के शिकायत पर दर्ज ई-एफआईआर नंबर 60/25 के तहत शुरू हुई। महिला को व्हाट्सएप पर स्टॉक ट्रेडिंग में विशेषज्ञ मार्गदर्शन का लालच देकर निवेश के बहाने 15.58 लाख रुपये ठगे गए। फर्जी वादों और गारंटीड रिटर्न के झांसे में वह धोखाधड़ी के शिकार हो गईं। जांच टीम का नेतृत्व इंस्पेक्टर प्रवेश कौशिक (एसएचओ/साइबर पीएस) ने किया, जिसमें एसआई चेतन राना, एचसी मनेन्द्र और एचसी विजयपाल शामिल थे। यह टीम एसीपी विजय पाल सिंह तोमर के पर्यवेक्षण में काम कर रही थी। बहुआयामी रणनीति अपनाते हुए टीम ने सर्विलांस, मनी ट्रेल एनालिसिस और डिजिटल फोरेंसिक का सहारा लिया। तकनीकी जांच से तेलंगाना के वनपटला सुनील की पहचान हुई, जो म्यूल बैंक अकाउंट्स सप्लाई करता था। तेलंगाना में छापेमारी के बाद उसे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने कीसारा (तेलंगाना) में फर्जी फर्म खोलकर एयू स्मॉल फाइनेंस बैंक में करंट अकाउंट खुलवाने की बात कबूली। उसके सहयोगी शंकर को हैदराबाद से, मनोज यादव को संत कबीर नगर (यूपी) से, संदीप सिंह को बनारस से, आदित्य प्रताप सिंह को कोटा (राजस्थान) से, सोमपाल को बरेली से और शेरू व राहुल को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया। जांच में पता चला कि व्हाट्सएप नंबर कंबोडिया से ऑपरेट हो रहे थे, जबकि भारतीय आरोपी म्यूल अकाउंट्स उपलब्ध कराकर धन रूटिंग कर रहे थे। एक्सिस बैंक और एसबीआई अकाउंट्स में धन डायवर्ट किया गया। मोडस ऑपरेंडीः फर्जी निवेश प्लेटफॉर्म्स पर व्हाट्सएप के जरिए संपर्क, हाई रिटर्न का लालच देकर फर्जी वेबसाइट्स पर ट्रांसफर करवाना। म्यूल अकाउंट्स में पैसा पार्क कर कई भारतीय अकाउंट्स से लेयरिंग के बाद विदेशी हैंडलर्स तक पहुंचाना। प्रत्येक स्तर पर कमीशन आधारित संरचना। रिकवरीः 10 हाई-टेक मोबाइल फोन और 13 सिम कार्ड बरामद, जो म्यूल अकाउंट्स ऑपरेट करने, फंड ट्रांसफर और कम्युनिकेशन में इस्तेमाल हो रहे थे। केस में 63 एनसीआरपी शिकायतें जुड़ी हुई हैं। आरोपी सोमपाल एमबीए ग्रेजुएट है और सॉफ्टवेयर कंपनी चला रहा था, जो बंद होने के बाद अपने कॉर्पोरेट अकाउंट को साइबर फ्रॉड के लिए इस्तेमाल कर रहा था, जिससे 51 एनसीआरपी शिकायतें जुड़ीं।डीसीपी (साउथ वेस्ट) अमित गोयल ने बताया कि जांच जारी है और आगे के खुलासे की संभावना है। पुलिस ने लोगों से सतर्क रहने और संदिग्ध निवेश ऑफर पर न पड़ने की अपील की है।

## दिल्ली के शाहीनबाग और अबुल फजल एन्क्लेव में नाले की समस्या होगी दूर, सांसद ने समाधान के लिए मांगा इस्टीमेट



**दक्षिणी दिल्ली।** ओखला विधानसभा क्षेत्र में अबुल फजल एन्क्लेव व शाहीनबाग में नाले की समस्या के समाधान के लिए पूर्वी दिल्ली सांसद हर्ष मल्होत्रा ने इस्टीमेट मांगा है। समस्या को लेकर 16 दिन से धरने पर बैठे शहजाद अली इदरीसी ने बताया कि नाले के संदर्भ में पूर्वी दिल्ली सांसद से भी वार्ता की गई। उन्होंने बताया कि निगम पार्षद या विधायक द्वारा अपने लैंड फंड, जिसमे सड़क नाले को दुरुस्त करने का फंड आता है, उसमें शाहीन बाग कब्रिस्तान नाला और हरि कोठी रोड को बनाने के लिए कोई इस्टीमेट अभी तक नहीं दिया गया है। यदि उनकी ओर से इस्टीमेट दिया जाता है तो प्राथमिकता के आधार पर समस्या का निदान कराने के प्रयास किए जाएंगे। शाहीनबाग और अबुल फजल एन्क्लेव के लोग ढाई महीने से सड़क पर नाले का पानी भरा होने से परेशान हैं। यही समस्या तीन महीने पहले बगल के जसोला विहार गांव में भी थी। उस समय क्रिब्स हास्पिटल के पास कचरे से जाम पुलिया को तोड़कर आधा पानी पाइपलाइन के जरिए शाहीनबाग नाले में डायवर्ट किया गया। जसोला के मुकाबले अबुल फजल एन्क्लेव का इलाका करीब छह फीट नीचे है। इसके चलते नाले का पानी बैक होकर सड़क पर भरा है। समस्या को लेकर दो जनवरी से लोग कब्रिस्तान के पास विधायक अमानतुल्ला के खिलाफ धरनारत हैं। लोगों का मानना है कि पुलिया फिर से बनाकर जसोला नाले का पूरा ट्रीटेड पानी सिंचाई विभाग की नहर में छोड़ने से ही स्थायी समाधान संभव है। धरने में जावेद हसन खान, बाबर खान, अजीम सैफी, दिलशाद, खामिश चौधरी, शबनम खान आदि शामिल हैं।

## रंगदारी और फायरिंग केस का मास्टरमाइंड प्रदीप शर्मा गिरफ्तार, लॉरेंस बिश्नोई गैंग से जुड़ा था लिंक



**नई दिल्ली।** कुख्यात गैंग्स्टर लारेंस बिश्नोई गिरोह को अवैध हथियार मुहैया कराने व गिरोह के लिए रंगदारी मांगने व अन्य आपराधिक वारदात करने वाले बदमाश प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू को क्राइम ब्रांच ने गिरफ्तार कर लिया है। पिछले साल मार्च में लारेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों ने जवाहर नगर, गंगा नगर, राजस्थान में रहने वाले एक व्यवसायी से चार करोड़ रुपये की रंगदारी मांगी थी। रंगदारी देने से इन्कार करने पर लारेंस के निर्देश पर प्रदीप ने साथियों के साथ मिलकर मई में व्यवसायी के घर पर गोलियां चला दी थी। राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर की गिरफ्तारी

डीसीपी हर्ष इंदौरा के मुताबिक क्राइम ब्रांच की टीम ने राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर प्रदीप शर्मा उर्फ गोलू को गिरफ्तार किया। वह आगरा, उत्तर प्रदेश का रहने वाला है। गंगा नगर में रंगदारी मांगने के लिए धमकी देने व फायरिंग करने के मामले में राय सिंह नगर, थाना पुलिस ने 31 दिसंबर को मुकदमा दर्ज कर लिया था। इस मामले में राजस्थान पुलिस ने प्रदीप समेत वारदात में शामिल उसके साथियों को गिरफ्तार कर जेल दिया था। जमानत पर रिहा होने के बाद प्रदीप शर्मा ने अपनी आपराधिक गतिविधियां जारी रखीं और लारेंस बिश्नोई गिरोह के सदस्यों को हथियार और कारतूस सप्लाई करना शुरू कर दिया। राजस्थान पुलिस ने भी बाद में लारेंस गिरोह के चार सदस्यों को भारी मात्रा में हथियार और कारतूस के साथ गिरफ्तार कर लिया था, जिसमें प्रदीप शर्मा को बरामद हथियारों और कारतूस का सोर्स बताया गया। अपराधियों पर पुलिस का शिकंजा राजधानी में संगठित अपराध, जबरन वसूली, हथियारों से हमले और अवैध हथियारों के इस्तेमाल की घटनाओं को देखते हुए, क्राइम ब्रांच ने सक्रिय और खतरनाक अपराधियों की पहचान करने और उन्हें पकड़ने के लिए आपरेशन तेज कर दी है। इस संबंध में एसीपी भगवती प्रसाद व इंस्पेक्टर कृष्ण कुमार के नेतृत्व में पुलिस टीम ने 16 जनवरी को, राजस्थान पुलिस के साथ मिलकर, उत्तम नगर में एक फ्लैट में रेड कर प्रदीप शर्मा को गिरफ्तार कर लिया। प्रदीप शर्मा मूलरूप से आगरा का रहने वाला है, लेकिन फिलहाल वह उत्तम नगर में रह रहा था।

## गणतंत्र दिवस परेड में लद्दाख के ऊंट के साथ बाज भी आएंगे नजर, दिखेगा सेना का पराक्रम और शौर्य



**नई दिल्ली।** इस बार गणतंत्र दिवस परेड में शौर्य व शक्ति का अद्भुत प्रदर्शन देखने को मिलेगा। शनिवार को इसका पूर्वाभ्यास किया गया। इसमें पूर्व में हुए परेड से कई चीजें अलग भी नजर आईं। इसमें लद्दाख के ऊंट और सैन्यकर्मियों के हाथों पर बाज भी शामिल हैं। इस बार परेड में ब्रह्मोस, आकाश मिसाइल, आधुनिक टैंक देखने को मिलेंगे। इसके साथ परेड में लद्दाख के डबल-हंप (दो कूबड़ वाले) बैक्ट्रियन ऊंट पहली बार शामिल किया गया हैं, जो भारतीय सेना के पशु दस्ते का हिस्सा हैं और अत्यंत ठंड व दुर्गम इलाकों में सेना के लिए रसद और गश्त में अहम भूमिका निभाते हैं। ये ऊंट अपनी सहनशक्ति के लिए जाने जाते हैं, जो -40 डिग्री सेल्सियस तक का तापमान सह सकते हैं और कर्तव्य पथ पर मार्च करते हुए भारत की भौगोलिक विविधता और सेना की ताकत का प्रदर्शन करेंगे। पहली बार हाथों पर बाज को लेकर मार्च करते जवान नजर आएंगे। डाग स्क्वायड दस्ता भी दिखाई देगा। मोटरसाइकिल पर सवार जवान परेड में हैरतअंगेज कारनामे दिखाएंगे, जिसे देखकर आप दांतों तले अंगुली दबाने को मजबूर हो जाएं। कर्तव्य पथ पर गणतंत्र दिवस परेड के लिए मोटरसाइकिल पर पूर्वाभ्यास करती महिला जवान जिसे देखकर दर्शकों ने दांतों तले अंगुली दबा ली।

## दिल्ली में नाइजीरियाई ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़, 5 करोड़ की कोकीन-एमडीएमए टैबलेट जब्त

**नई दिल्ली।** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच ने नाइजीरियाई नागरिकों द्वारा संचालित अंतरराष्ट्रीय ड्रग सिंडिकेट का भंडाफोड़ किया है। इस कार्रवाई में 418 ग्राम कोकीन और 925 एमडीएमए (एक्स्टसी) टैबलेट बरामद की गई हैं, जिनकी अनुमानित बाजार कीमत करीब 5 करोड़ रुपये है। दो विदेशी नागरिकों को गिरफ्तार किया गया है। क्राइम ब्रांच की डब्ल्यूआर-क्क टीम को 2 दिसंबर 2025 को गुप्त सूचना मिली कि नाइजीरियाई नागरिक फ्रैंक (पहले एनडीपीएस मामलों में आरोपी) दक्षिण दिल्ली में प्रतिबंधित साइकोट्रोपिक पदार्थ और एमडीएमए की सप्लाई कर रहा है। डीसीपी क्राइम ब्रांच हर्ष इंदौरा के निर्देशन में एसीपी राजपाल दबास के पर्यवेक्षण में इंस्पेक्टर अक्षय गहलोत की अगुवाई वाली टीम ने तकनीकी और फिजिकल सर्विलांस शुरू किया। लंबी मशक्कत के बाद फ्रैंक विक्टस को हरि विहार, ककरोला रोड से गिरफ्तार किया गया। उसके पास से 418 ग्राम कोकीन और 910 एमडीएमए टैबलेट बरामद हुईं। पूछताछ में फ्रैंक ने खुलासा किया कि वह 2012 में कपड़ों के एक्सपोर्ट के लिए बिजनेस वीजा पर भारत आया था। 2015 में एनसीबी ने एनडीपीएस केस में गिरफ्तार किया था, पासपोर्ट कोर्ट में जमा कराया गया। 2024 में जमानत पर बाहर आया। पैसे की जरूरत में नाइजीरिया स्थित पुराने जानकार एलो चुकवु (बड़ा ड्रग डीलर) से संपर्क किया। एलो ने उसे दिल्ली में ड्रग सप्लाई का काम सौंपा। एक नाइजीरियाई महिला ने गिफ्ट पैक में कोकीन और एक्स्टसी टैबलेट डिलीवर कीं, जिसे वह मायापुरी में किसी भारतीय को देने जा रहा था तभी पकड़ा गया। जांच में फ्रैंक के फोन और खुलासे से पता चला कि सोर्स भी नाइजीरियाई है, जो महरौली में रहता है। टीम ने वहां छापेमारी कर संडे ओटू को गिरफ्तार किया। उसके किराए के कमरे से 15 एमडीएमए टैबलेट बरामद हुईं। संडे ने बताया कि वह 2015 में कपड़ों के बिजनेस के लिए आया था, लेकिन घाटा होने पर ड्रग काम में लगा। एलो चुकवु ने उसे फ्रैंक को निर्देश देने का जिम्मा दिया। 2 दिसंबर को वह दोनों के बीच कोऑर्डिनेट कर रहा था। फ्रैंक की गिरफ्तारी के बाद वह जगह बदलता रहा और हाल में महरौली शिफ्ट हुआ। उसने पिछले महीने फ्रैंक को कोकीन और एक्स्टसी सप्लाई की थी। सिंडिकेट का किंगपिन नाइजीरिया में है, दिल्ली में एक अफ्रीकी महिला डिलीवरी करती है। दोनों आरोपियों के खिलाफ एनडीपीएस एक्ट के तहत केस दर्ज है। जांच में आगे के खुलासे की उम्मीद है, जैसे ड्रग की पूरी सप्लाई चेन, अन्य सदस्य और फाइनेंशियल ट्रांजेक्शन। क्राइम ब्रांच की जीरो टॉलरेंस पॉलिसी के तहत ड्रग माफिया पर लगातार शिकंजा कसा जा रहा है। पुलिस ने लोगों से अपील की है कि ड्रग संबंधी जानकारी तुरंत 112 या नजदीकी थाने में दें।

## दिल्ली से पटना जा रही तेजस राजधानी एक्सप्रेस में बम होने की सूचना, यूपी में 31 मिनट तक चला तलाशी अभियान




**नई दिल्ली।** दिल्ली से पटना जा रही तेजस राजधानी एक्सप्रेस को बम की धमकी मिलने के बाद अलीगढ़ में 31 मिनट के लिए रोका गया। शनिवार रात देर से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिल्ली कंट्रोल रूम से ट्रेन में बम होने की सूचना मिली, जिसके बाद तत्काल सुरक्षा व्यवस्था सख्त कर दी गई। अलीगढ़ आरपीएफ के कमांडिंग ऑफिसर गुलजार सिंह ने बताया कि सूचना मिलते ही बॉम्ब डिस्पोजल स्क्वाड (बीडीएस), डॉग स्क्वाड, स्थानीय पुलिस, फायर ब्रिगेड और अन्य अधिकारी मौके पर पहुंचे। पूरी ट्रेन की गहन जांच की गई, जिसमें सभी कोच और सामान की तलाशी ली गई। जांच के दौरान कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला। अधिकारियों ने पुष्टि की कि यह धमकी झूठी साबित हुई और ट्रेन में कोई विस्फोटक सामग्री नहीं थी। जांच पूरी होने के बाद ट्रेन को आगे जाने की अनुमति दे दी गई। ट्रेन मात्र 31 मिनट रुकी रही और अब सामान्य रूप से पटना की ओर रवाना हो चुकी है। गौरतलब है कि जनवरी में ही काशी एक्सप्रेस में भी इसी तरह की बम धमकी मिली थी, जिसमें भी कुछ नहीं मिला था।

## दिल्ली के देवली-अंबेडकर नगर में 31.31 करोड़ की सीवर परियोजना का शिलान्यास, यमुना प्रदूषण पर लगेगी लगाम



**दक्षिणी दिल्ली।** देवली और अंबेडकर नगर की विधानसभा क्षेत्रों की 11 अनधिकृत कालोनियों में दिल्ली जल बोर्ड सीवर लाइन बिछाएगा। इसके लिए देवली व अंबेडकर नगर में जल एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री प्रवेश वर्मा ने शनिवार को 31.31 करोड़ की सीवर विकास परियोजना का शिलान्यास किया। वर्षों से लंबित इस परियोजना का उद्देश्य घरेलू सीवेज को सीधे नालों में जाने से रोकना है, जो आगे चलकर यमुना नदी को प्रदूषित करता है। इससे यमुना की सफाई और दिल्ली की स्वच्छता व्यवस्था को सुदृढ़ करने में मदद मिलेगी। प्रवेश वर्मा ने कहा कि यमुना की सफाई का सबसे प्रभावी तरीका है कि सीवेज को उसके स्रोत पर ही रोकना। देवली और अंबेडकर नगर की अनधिकृत कालोनियों में सीवर सुविधा का अभाव सीधे तौर पर यमुना प्रदूषण का कारण रहा है। यह दिल्ली जल बोर्ड परियोजना उसी मूल समस्या का समाधान है। यह परियोजना वर्षों तक अधूरी पड़ी रही, जिससे न केवल स्थानीय लोग बल्कि यमुना नदी भी प्रभावित हुई। अब फंडिंग, जवाबदेही और निगरानी सुनिश्चित की गई है ताकि काम समय पर और गुणवत्ता के साथ पूरा हो। वर्तमान सरकार इस परियोजना को तय समय-सीमा में पूरा करने के लिए पूरी तरह प्रतिबद्ध है। दक्षिणी दिल्ली सांसद रामवीर सिंह बिधूड़ी के मुताबिक परियोजना को वर्ष 2018 में स्वीकृति मिली थी और मई 2020 तक पूरा किया जाना था। इसके तहत लगभग 57 किलोमीटर सीवर लाइन बिछाई जानी थी, लेकिन बीते वर्षों में केवल लगभग 32 किलोमीटर कार्य ही पूरा हो सका। परिणामस्वरूप 16 चिन्हित कॉलोनियों में से केवल 5 को आंशिक सीवर सुविधा मिल पाई, जबकि शेष क्षेत्रों का गंदा पानी खुले नालों के माध्यम से यमुना में जाता रहा। तीन लाख लोगों को मिलेगा सीधा लाभ अब दिल्ली जल बोर्ड इस रुकी हुई परियोजना को मिशन मोड में आगे बढ़ाएगा। वर्तमान परियोजना के तहत लगभग 25 किलोमीटर लंबी भूमिगत सीवर लाइन (300 मिमी से 700 मिमी व्यास तक) बिछाई जाएगी, जिस पर 31.31 करोड़ रुपये की लागत आएगी।

## वंदेमातरम के 150 वर्ष विश्व पुस्तक मेले में इतिहास, साहित्य और राष्ट्रभाव का संगम

**नई दिल्ली :** राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150 वर्ष केवल एक ऐतिहासिक पड़ाव नहीं हैं, बल्कि भारत की सांस्कृतिक चेतना, साहित्यिक परंपरा और राष्ट्रभाव के निरंतर प्रवाह का उत्सव भी हैं। इसी भावभूमि पर इस वर्ष भारत मंडपम में आयोजित विश्व पुस्तक मेला इतिहास, साहित्य और राष्ट्रबोध का जीवंत मंच बनकर उभरा है, जहां शब्दों के माध्यम से भारत की आत्मा से साक्षात्कार हो रहा है। नागरिकों की सुविधा और देश की गौरवगाथा को अधिक सुलभ बनाने के उद्देश्य से केंद्र सरकार इस वर्ष कई विशेष कार्यक्रमों का आयोजन कर रही है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा प्रतिपादित ह्लएक भारत, श्रेष्ठ भारतह्व का सूत्र इस पूरे आयोजन की वैचारिक धुरी के रूप में दिखाई देता है। राष्ट्रगीत वंदेमातरम के 150वें वर्ष के अवसर पर आयोजित गतिविधियां न केवल अतीत का स्मरण हैं, बल्कि आने वाली पीढ़ियों के लिए राष्ट्रीय चेतना को मजबूत करने का प्रयास भी हैं। विश्व पुस्तक मेले की थीम और उसका स्वरूप इसी सोच को स्पष्ट रूप से प्रतिबिंबित करता है। केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के नेतृत्व में शिक्षा और संस्कृति के क्षेत्र में जिस प्रकार भाषायी अस्मिता और सांस्कृतिक विविधता को सम्मान दिया जा रहा है, उससे पूरे देश में अपनी-अपनी भाषाओं और परंपराओं को लेकर नया गौरव भाव देखने को मिल रहा है। भारत मंडपम में सजे इस मेले में हिंदी, अंग्रेजी, उर्दू, बांग्ला, तमिल, तेलुगु, मराठी, ओड़िया सहित लगभग सभी भारतीय भाषाओं की पुस्तकों की समृद्ध उपस्थिति है। साथ ही दर्जनों विदेशी भाषाओं के लेखकों और प्रकाशकों की भागीदारी इस आयोजन को वैश्विक स्वरूप प्रदान करती है। यह पुस्तक मेला केवल पुस्तकों की खरीद-फरोख्त का स्थान नहीं, बल्कि विचारों का संगम है। यहां भारतीय इतिहास, स्वतंत्रता संग्राम, शौर्यगाथाओं और देश की अस्मिता से जुड़ी पुस्तकें पाठकों को विशेष रूप से आकर्षित कर रही हैं। वंदेमातरम की रचना से जुड़े ऐतिहासिक प्रसंग, बंकिमचंद्र चट्टोपाध्याय का साहित्य, स्वतंत्रता आंदोलन में गीत की भूमिका और राष्ट्र निर्माण में उसकी भावनात्मक शक्ति–इन सभी विषयों पर केंद्रित पुस्तकों के स्टॉल पाठकों की भीड़ से गुलजार हैं। मेले में आने वाले पाठकों, खासकर युवाओं और छात्रों के लिए यह आयोजन एक जीवंत कक्षा की तरह है, जहां इतिहास केवल पढ़ा नहीं जाता, बल्कि महसूस किया जाता है। वसुधैव कुटुम्बकम् की भारतीय अवधारणा यहां व्यवहार में उतरती दिखती है, जहां विश्व की विविध संस्कृतियां एक ही मंच पर संवाद करती नजर आती हैं। वंदेमातरम के 150 वर्ष के इस अवसर पर विश्व पुस्तक मेला यह संदेश देता है कि साहित्य केवल शब्दों का संग्रह नहीं, बल्कि राष्ट्र की आत्मा का दर्पण है। इतिहास, संस्कृति और राष्ट्रभाव के इस संगम में खड़ा यह मेला भारत की उस निरंतर यात्रा का प्रतीक है, जो अतीत से प्रेरणा लेकर वर्तमान को समृद्ध और भविष्य को सशक्त बनाने की दिशा में आगे बढ़ रही है।



# डेरिल और फिलिप्स के शतकों से न्यूजीलैंड ने रचा इतिहास, भारत के खिलाफ पहली बार बनाया ये रिकॉर्ड

**इंदौर (एजेंसी)।** न्यूजीलैंड ने इतिहास रच दिया, रविवार को इंदौर में तीसरे और आखिरी वनडे में भारत के खिलाफ वनडे में दूसरी सबसे बड़ी साझेदारी की जिसमें डेरिल मिशेल और ग्लेन फिलिप्स ने शतक लगाए। सीरीज के तीसरे और आखिरी वनडे में जो एक हाई-स्कोरिंग मैच था। मिशेल और फिलिप्स ने उस समय साझेदारी की जब कीवी टीम 58/3 पर थी और उन्होंने चौथे विकेट की साझेदारी में 219 रन बनाए। यह 2022 में ऑकलैंड में भारत के खिलाफ टॉम लैथम और केन विलियमसन की 221 रन की साझेदारी के ठीक पीछे है।

यह पहली बार है जब न्यूजीलैंड के दो बल्लेबाजों ने एक ही वनडे पारी में भारत के खिलाफ शतक बनाए हैं। जबकि मिशेल ने सीरीज का अपना दूसरा शतक (131 गेंदों में 137 रन, 15 चौकों और तीन छक्के) बनाया और फिलिप्स ने सिर्फ 88 गेंदों में 106 रन बनाए जिसमें नौ चौके और तीन छक्के शामिल थे, उनका स्ट्राइक रेट 120 से ऊपर था।

मिशेल का भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन रहा है और वह हमेशा 'मेन इन ब्लू' के खिलाफ अपने सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन पर रहे हैं। उन्होंने 13 मैचों और 11 पारियों में 74.10 की औसत और 93 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 741 रन बनाए हैं जिसमें चार शतक और दो अर्धशतक और सर्वश्रेष्ठ स्कोर 137 है। ये चार शतक सिर्फ 11 पारियों में आए हैं जिनमें से दो ढ्ष्ट्ट क्रिकेट विश्व कप 2023 में सेमीफाइनल मुकाबला भी शामिल है। यह वनडे में भारत के खिलाफ कीवी खिलाड़ियों के लिए दूसरा सबसे ज्यादा शतक है जो नाथन एस्टल के 29 पारियों में पांच शतकों को पीछे छोड़ने से सिर्फ दो कम है।

यह भारत में मिशेल का चौथा वनडे शतक है जो एस्टल के साथ न्यूजीलैंड के बल्लेबाज के लिए संयुक्त रूप से सबसे ज्यादा है। इसके अलावा भारत के खिलाफ कम से कम 500 वनडे रन बनाने वाले बल्लेबाजों में मिशेल का औसत सबसे ज्यादा है। उनके बाद ऑस्ट्रेलिया के जॉर्ज बेली (74), दक्षिण अफ्रीकी दिग्गज गैरी कर्स्टन (62.6) और जैक्स कैलिस (61.4) और ऑस्ट्रेलिया के उस्मान ख्वाजा (59.9) हैं।

मिशेल ने तीन पारियों में 176.00 की औसत से कुल 352 रन बनाए हैं, इस सीरीज में उनका स्ट्राइक रेट 110 से ज़्यादा रहा है, जिसमें दो शतक, एक अर्धशतक और बेस्ट स्कोर 137 है। वह इस सीरीज़ में सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी हैं और तीन मैचों की वनडे सीरीज में न्यूजीलैंड के लिए सबसे ज्यादा रन बनाने वाले खिलाड़ी भी हैं। कुल मिलाकर पाकिस्तान के बाबर आजम (2016 में वेस्ट इंडीज़ के खिलाफ 360 रन) और शुभमन गिल (2023 में न्यूज़ीलैंड के खिलाफ 360 रन) उनसे आगे हैं।

मैच की बात करें तो भारत ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया। तेज गेंदबाज अर्शदीप सिंह (3/63) और हर्षित राणा (3/84) की बदौलत भारत ने कीवी टीम को 58/3 पर मुश्किल में डाल दिया था लेकिन मिशेल और फिलिप्स ने 219 रनों की साझेदारी करके जबरदस्त पलटवार किया और शतक बनाए। कप्तान माइकल ब्रेसवेल (18 गेंदों में 28*, जिसमें एक चौका और तीन छक्के शामिल हैं) और क्रिश्चियन क्लार्क (पांच गेंदों में 11 रन, जिसमें एक चौका और एक छक्का शामिल है) ने हैं को 50 ओवर में 337/8 तक पहुंचाया।



# लिन चुन यी और आन से यंग बने इंडिया ओपन चैंपियन



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** चीनी ताइपे के लिन चुन यी ने रविवार को यहां 950,000 अमेरिकी डॉलर इनामी इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट में पुरुष एकल में अपना पहला सुपर 750 खिताब जीता, जबकि दक्षिण कोरिया की विश्व नंबर एक खिलाड़ी आन से यंग ने महिला एकल का खिताब जीतकर अपनी श्रेष्ठता साबित की।

वर्तमान में विश्व में 12वीं रैंकिंग पर काबिज 26 वर्षीय लिन ने पिछले सप्ताह मलेशिया ओपन सुपर 1000 में शुरुआती दौर में बाहर होने के बाद शानदार वापसी करते हुए फाइनल में तीसरी वरीयता प्राप्त जोनाथन क्रिस्टी को 21-10, 21-18 से हराकर पुरुष एकल का खिताब अपने नाम किया। महिला एकल में शीर्ष वरीयता प्राप्त और मौजूदा चैंपियन आन से यंग ने एक बार फिर अपना दबदबा कायम रखते हुए चीन की विश्व में नंबर दो खिलाड़ी वांग झियी को 21-13, 21-11 से हराकर सत्र का अपना दूसरा खिताब जीता।

युगल स्पर्धा में लियू शेंगशु और टैन निंग की चीन की शीर्ष वरीयता प्राप्त महिला जोड़ी ने 58 मिनट तक चले महिला युगल फाइनल में जापान की पांचवीं वरीयता प्राप्त युकी फुकुशिमा और सायका मात्सुमोतो पर 21-11, 21-18 से जीत हासिल करके खिताब अपने नाम किया। मिश्रित युगल का ताज थाईलैंड के तीसरी वरीयता प्राप्त डेचापोल पुवारानुक्रोह और सुपिसरा पेवसम्प्रान को मिला, जिन्होंने डेनमार्क के माथियास क्रिस्टियनसेन और एलेक्जेंड्रा बोजे को 19-21, 25-23, 21-18 से हराया।

# आयरलैंड बोर्ड ने आईसीसी से कहा, बांग्लादेश से विश्वकप मैचों का ग्रुप बदलने तैयार नहीं

**दुबई (एजेंसी)।** बांग्लादेश क्रिकेट बोर्ड (बीसीबी) ने सुरक्षा कारणों से भारत में अपने विश्वकप मैच खेलने के इंकार करते हुए किसी अन्य देश में ये मैच कराने की अपील की थी जिसे अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट परिषद (आईसीसी) ने ठुकरा दिया था। वहीं इसके बाद बीसीबी ने आईसीसी से अपील की थी कि उसके ग्रुप को आयरलैंड के साथ बदल दिया जाये पर यहां भी उसे झटका लगा है क्योंकि आयरलैंड बोर्ड ने आईसीसी से साफ कहा दिया है कि वह ग्रुप बदलने को तैयार नहीं है। एक रिपोर्ट के अनुसार, क्रिकेट आयरलैंड (सीआई) ने कहा है कि आईसीसी उनके मैचों को श्रीलंका से बाहर नहीं रखे।

सीआई के एक अधिकारी ने कहा, 'आईसीसी ने हमसे साफ कहा है कि कार्याक्रम में बदलाव नहीं होगा। हम अपने ग्रुप स्तर के मैच श्रीलंका में ही खेलेंगे।'

गौरतलब है कि टी20 विश्वकप 2026 में आयरलैंड ग्रुप बी में है, जिसमें उसे ऑस्ट्रेलिया, श्रीलंका, जिम्बाब्वे और ओमान के साथ रखा गया हैं। आयरलैंड को अपने सभी ग्रुप स्तर के मैच मैच श्रीलंका में खेलने हैं। इसमें पहले तीन मैच कोलंबो जबकि अंतिम पालेकेले में खेला जाएगा। वहीं दूसरी ओर बांग्लादेश करे ग्रुप सी में रखा गया है। जिसमें इंग्लैंड, वेस्टइंडीज, नेपाल और इटली की टीमें शामिल हैं। बांग्लादेश को कोलकाता में तीन और मुंबई में एक मैच खेलना है।

बीसीबी ने आईसीसी से अनुरोध किया कि उसकी टीम को ग्रुप सी में आयरलैंड के साथ बदल दिया जाए जिससे वह भारत की जगह श्रीलंका में अपने मैच खेल सके। वहीं आईसीसी की दो सदस्यीय टीम, जिसमें गौरव सक्सेना (जनरल मैनेजर, इवेंट्स एंड कॉर्पोरेट कम्युनिकेशन) और एंड्रयू एफग्रेव (जनरल मैनेजर, इंटीग्रिटी यूनिट) शामिल थे, ने बीसीसी को मूल कार्यक्रम में ही बने रहने को लेकर समझाया।

# बीसीसीआई ने ऑस्ट्रेलिया दौरे के लिए महिला क्रिकेट टीम घोषित की

## फुलमाली, श्रेयंका की वापसी, कमलिनी और वैष्णवी पहली बार शामिल

**मुम्बई (एजेंसी)।** भारतीय क्रिकेट बोर्ड (बीसीसीआई) ने ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ अगले माह होने वाली टी20 और एकदिवसीय सीरीज के लिए भारतीय महिला क्रिकेट टीम की घोषणा कर दी है। 15 फरवरी से होने वाले इस दौरे में भारतीय टीम ऑस्ट्रेलिया में 3 टी20 और इतने ही एकदिवसीय मैच खेलेगी। इसके अलावा दौनो ही टीमें एक टेस्ट भी खेलेंगी। टेस्ट टीम की घोषणा अभी नहीं हुई है। इस दौरे से दोनो ही टीमों का टी20 विश्वकप की तैयारी का भी अच्छा अनुभव मिलेगा। इस दौरे में नये खिलाड़ियों को भी जगह मिली है। टी20 टीम में भर्ती फुलमाली की वापसी है हुई है। फुलमाली को साल 2019 के बाद पहली बार राष्ट्रीय टीम में शामिल किय गयाहै। इसके अलावा युवा ऑफ-स्पिनर श्रेयांका पाटिल को भी टीम में जगह मिली है। वहीं एकदिवसीय दल में भी युवाओं को अवसर मिले है। 17 साल की विकेटकीपर जी कमलिनी और स्पिनर वैष्णवी शर्मा को पहली बार टीम में जगह मिली है। इसके अलावा काशवी गौतम को भी शामिल किया गया है पर अरुंधति रेड्डी को एकदिवसीय व रधा यादव को एकदिवसीय के अलावा टी20 प्रारुप में भी शामिल नहीं किया गया है। हरलीन देओल को एकदिवसीय टीम में बनाये रखा गया है पर उन्हें टी20 से बाहर कर दिया गया है।



### टी20 टीम इस प्रकार है

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), अरुंधति रेड्डी, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, भर्ती फुलमाली, श्रेयांका पाटिल।

### एकदिवसीय

हरमनप्रीत कौर (कप्तान), स्मृति मंधाना (उपकप्तान), शैफाली वर्मा, रेणुका ठाकुर, श्री चरणी, वैष्णवी शर्मा, क्रांति गौड़, स्नेह राणा, दीप्ति शर्मा, ऋचा घोष (विकेटकीपर), जी कमलिनी (विकेटकीपर), काशवी गौतम, अमनजोत कौर, जेमिमा रोड्रिग्स, हरलीन देओल।

# अब अगले छह बाद ही खेलते दिखेंगे विराट और रोहित

राजकोट । भारतीय क्रिकेट टीम के अनुभवी बल्लेबाज रोहित शर्मा और विराट कोहली अब अगले छह महीने बाद ही अंतरराष्ट्रीय मुकाबले खेलते हुए दिखेंगे । इसका कारण ये है कि ये दोनो ही अब केवल एकदिवसीय में ही खेलते है । वहीं भारतीय टीम न्यूजीलैंड के खिलाफ सीरीज के छह माह बाद ही एकदिवसीय प्रारुप में खेलने उतरेगी । साल 2026 टी20 विश्व कप और 2026 इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के बाद ही भारतीय टीम को अब एकदिवसीय सीरीज खेलनी है । तब तक के लिए विराट और रोहित को भी आराम मिल गया है । अब जून में अफगानिस्तान की टीम तील एकदिवसीय मैचों की सीरीज के लिए भारत दौरे पर पहुंचेगी । तभी विराट और रोहित के पास मैदान में उतरने का अवसर रहेगा हालांकि ये भी देखना होगा कि इन दोनो को इस सीरीज के लिए शामिल किया जाता है या नहीं । वहीं अफगानिस्तान के खिलाफ सीरीज के बाद भारतीय टीम जुलाई में इंग्लैंड दौरे पर जाएगी । यहां भी 3 मैचों की एकदिवसीय सीरीज होनी है । इसके बाद भारतीय टीम को सितंबर में बांग्लादेश जाना है हालांकि दोनो देशों के बीच तनावपूर्ण हालातों को देखते हुए ये दौरा शायद ही हो पाये । सितंबर में ही भारतीय टीम वेस्टइंडीज का दौरा करेगी जहां 3 मैचों एकदिवसीय सीरीज होगी । इसके बाद अक्टूबर-नवंबर में भारतीय टीम को न्यूजीलैंड जाना है ।



# आर्यना सबालेंका ने फेडरर और रॉड लेवर के साथ 'परफेक्ट' सेल्फी ली



मेलबर्न । अपने 2026 ऑस्ट्रेलियन ओपन कैंपेन की शुरुआत करने के लिए आर्यना सबालेंका ने वेन्यू पर टिएंट्सोआ राकोतोमंगा राजाओना पर 6-4, 6-1 से जीत के लिए दो बहुत खास मेहमानों को बुलाया था। वे मेहमान 20 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन रोजर फेडरर और खुद रॉड लेवर। सबालेंका जानती थीं कि उन्हें उस ऑस्ट्रेलियन लेजेंड और 11 बार के ग्रैंड स्लैम चैंपियन के सामने एक मजबूत परफॉर्मेंस देनी होगी, जिनके नाम पर उस कोर्ट का नाम रखा गया है । उन्हें यह भी पक्का पता था कि वे मौजूद हैं, क्योंकि उन्हें वीडियो स्क्रीन पर हाइलाइट किया गया था और वे फ्रंट रो में भी बैठे थे । सबालेंका ने मुस्कुराते हुए रिपोर्ट्स से कहा, 'मैं बहुत बड़ी फैन हूं। पूरे मैच में मैं खुद से कह रही थी' प्लीज़, वहां मत देखो। मत देखो।' यह अविश्वसनीय है, मैंने कभी नहीं सोचा था कि रोजर फेडरर और रॉड लेवर मेरे मैच की पहली रो में बैठेंगे। यह अविश्वसनीय है। 'मैं बस अपने गेम से रोजर को इम्प्रेस करना चाहती थी। मैं बस ट्वीनर नहीं कर पाई, लेकिन कोई बात नहीं। अगली बार।' कोर्ट पर मैच के बाद अपने इंटरव्यू में, सबालेंका ने एक आसान सी रिक्वेस्ट की: 'मैं बहुत बड़ी फैन हूं दोस्तों, क्या मैं आपके साथ एक फोटो ले सकती हूं प्लीज।' सबालेंका अपना एक्साइटमेंट छिपा नहीं सकीं । उन लीजेंड्स ने उनकी बात मान ली और वर्ल्ड नंबर 1 को परफेक्ट फोटो मिल गई।

# इंडिया ओपन में मैच के दौरान गिरा मलबा, बाल-बाल बची महिला खिलाड़ी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स में खेले जा रहे इंडिया ओपन सुपर 750 में महिलाओं के युगल सेमीफाइनल के दौरान कोर्ट नंबर 1 पर मलबा गिरने के बाद खेल को कुछ समय के लिए रोक दिया गया। इसके बाद इस स्पोर्ट्स कॉम्प्लेक्स की जांच की जा रही है।

यह घटना शनिवार को टॉप सीडेड चीनी जोड़ी लियू शेंगशु और टैन निंग और छठी सीडेड दक्षिण कोरियाई जोड़ी बेक हा ना और ली सो ही के बीच सेमीफाइनल के दौरान हुई। जब लियू पहले गेम में 6-3 पर सर्व करने की तैयारी कर रही थीं, तो ऊपर से मलबा खेलने की सतह पर गिर गया जिससे तुरंत खेल रोकना पड़ा। लियू ने अविश्वास के साथ मुस्कुराते हुए चेयर अंपायर की ओर इशारा किया जबकि चिंतित दोनों जोड़ियां कोर्ट से बाहर चली गईं।

चेयर अंपायर ने सफाईकर्मियों को बुलाया और खेल फिर से शुरू होने से पहले सफाई में कई मिनट लगे। इस घटना ने टूर्नामेंट स्थल की जांच को और तेज कर दिया है, क्योंकि पहले से ही खिलाड़ियों ने परिसर में स्वच्छता और समग्र बुनियादी ढांचे को लेकर आलोचना की जा रही है।

सप्ताह की शुरुआत में कई एथलीटों ने कोर्ट पर पक्षियों की बीट, गैर-खेल क्षेत्रों में गंदगी और स्टेडियम परिसर के अंदर आवारा जानवरों की उपस्थिति के बारे में चिंता जताई थी। कथित तौर पर दर्शक दीर्घाओं में बंदर भी देखे गए जिससे सुरक्षा संबंधी चिंताएं बढ़ गईं। हवा की गुणवत्ता एक और प्रमुख चर्चा का विषय रही है, कुछ खिलाड़ियों को दिल्ली की सर्दियों की धुंध और ठंडी परिस्थितियों से जूझना पड़ा।

डेनमार्क की मिया ब्लिचफेल्ट उन लोगों में से थीं जिन्होंने असुविधा व्यक्त की, प्रदूषण और निम्न-मानक परिवेश के संयोजन को प्रदर्शन और रिकवरी को प्रभावित करने वाले कारकों के रूप में बताया। बैडमिंटन वर्ल्ड फेडरेशन (BWF) ने बाद में फीडबैक को स्वीकार किया जिसमें कहा गया कि धुंध और ठंड जैसे मौसमी कारक चुनौतियां पेश करते हैं लेकिन इंदिरा गांधी स्पोर्ट्स परिसर पिछले केडी जाधव स्टेडियम की तुलना में एक महत्वपूर्ण अपग्रेड था।

BWF ने यह भी कहा है कि बैडमिंटन एसोसिएशन ऑफ इंडिया (BAI) ने मुद्दों को उठाए जाने के बाद सफाई, स्वच्छता और पशु नियंत्रण में सुधार सहित सुधारात्मक उपाय किए हैं। आश्वासनों के बावजूद शनिवार की घटना ने भारत के प्रमुख अंतरराष्ट्रीय बैडमिंटन आयोजनों में से एक में तैयारियों और मानकों पर नए सवाल खड़े कर दिए हैं, विशेषकर जब नई दिल्ली इस साल के आखिर में बीडब्ल्यूएफ विश्व चैंपियनशिप की मेजबानी करने वाला है।



# डोमिनेंट वेदांता कलिंगा लांसर्स ने एसजी पाइपर्स को 6-1 से हराया



भुवनेश्वर । वेदांता कलिंगा लांसर्स ने शनिवार को एसजी पाइपर्स पर 6-1 की शानदार जीत के साथ पुरुष हीरो हॉकी इंडिया लीग (HIL) के भुवनेश्वर लेग की शुरुआत की। आज यहां कलिंगा हॉकी स्टेडियम में खेलते हुए, लांसर्स ने अपनी जीत का सिलसिला पांच मैचों तक बढ़ा दिया, जिससे यह साबित हो गया कि इस सीजन में उन्हें हराना मुश्किल है । बॉबी सिंह धामी को शानदार प्रदर्शन के लिए के लिए प्लेयर ऑफ द मैच चुना गया, जिसने पूरी शाम पाइपर्स के डिफेंस को बैकफुट पर रखा । मैच में कूपर बर्न्स ने (आठवें', 23वें) और अलेक्जेंडर हेंड्रिक्स ने (39वें, 56वें) मिनट में दो-दो गोल किए, जबकि क्रेग माराइस ने (10वें) और अंगद सिंह ने (54वें) मिनट में एक-एक गोल करके जीत को पक्का किया । केवाई विलियट ने पाइपर्स के लिए एकमात्र गोल किया । मैच की शुरुआत में लांसर्स ने गेंद पर कंट्रोल रखा और आत्मविश्वास के साथ गेंद को आगे बढ़ाया । यह दबाव 8वें मिनट में रंग लाया जब कूपर बर्न्स ने गोल करके अपनी टीम को शुरुआती बढ़त दिलाई। सिर्फ दो मिनट बाद, एक शानदार पासिंग सीक्वेंस ने क्रेग माराइस को बढ़त को दोगुना करने का मौका दिया । हालांकि, पाइपर्स ने लगभग तुरंत जवाब दिया । 11वें मिनट में, कप्तान जरमनप्रीत सिंह ने केवाई विलियट को पास दिया, जिन्होंने शानदार फिनिश करके स्कोर 2-1 कर दिया । पाइपर्स को देर से एक पेनल्टी कॉर्नर मिलने के बावजूद, लांसर्स का डिफेंस मजबूत बना रहा और पहले क्वार्टर के अंत में बढ़त बनाए रखी ।

# टी20 वर्ल्ड कप 2026 में भारत रहेगा मजबूत दावेदार : दिनेश कार्तिक

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय टीम के पूर्व विकेटकीपर दिनेश कार्तिक का मानना है कि डिफेंडिंग चैंपियन भारत आईसीसी पुरुष टी20 वर्ल्ड कप 2026 में एक बार फिर मजबूत दावेदार के रूप में उतरेगा। टीम की गहराई, आक्रामक खेलने की शैली और घरेलू परिस्थितियों में शानदार रिकॉर्ड को इसकी सबसे बड़ी ताकत बताते हुए कार्तिक ने कहा कि भारत को अपने घर में हराना किसी भी टीम के लिए आसान नहीं होगा। टूर्नामेंट शुरू होने में एक महीने से भी कम समय बचा है और यह प्रतियोगिता 7 फरवरी से भारत और श्रीलंका में खेली जाएगी।

एक चैनल से बातचीत में दिनेश कार्तिक ने कहा कि भारतीय क्रिकेट की सबसे बड़ी विशेषता उसकी बेंच स्ट्रेंथ है। उनके मुताबिक भारत ऐसी स्थिति में है कि वह लगभग दो मजबूत टीमें उतार सकता है। कार्तिक ने यह भी कहा कि मौजूदा भारतीय टीम काफी हद तक नई है, जिसमें रोहित शर्मा और विराट कोहली जैसे अनुभवी खिलाड़ी शामिल नहीं हैं, लेकिन सूर्यकुमार यादव की कप्तानी में युवा टीम ने बेहद आक्रामक और प्रभावशाली क्रिकेट खेला है। वहीं पूर्व वेस्टइंडीज क्रिकेटर इयान बिशप ने भी भारत की तैयारियों की सराहना करते हुए कहा कि डिफेंडिंग चैंपियन होना अपने आप में दबाव जरूर लाता है, लेकिन अगर तैयारी सही हो तो यह एक बड़ा फायदा बन सकता है। बिशप के अनुसार, इतिहास हमेशा निर्णायक नहीं होता, लेकिन भारत ने पिछले वर्ल्ड कप के बाद जिस तरह की तैयारी की है, उससे उसे बढ़त जरूर मिलेगी। उन्होंने यह भी चेताया कि फरवरी-मार्च के दौरान भारत और श्रीलंका में ओस एक बड़ा फैक्टर साबित हो सकती है, जो मैच का रुख बदलने में अहम भूमिका निभाती है।

इंग्लैंड के पूर्व कप्तान नासिर हुसैन ने टी20 क्रिकेट की लोकप्रियता पर बात करते हुए कहा कि यह फॉर्मेट दुनिया भर में तेजी से पसंद किया जा रहा है। उनके अनुसार, टी20 वर्ल्ड कप सिर्फ एक टूर्नामेंट नहीं बल्कि एक बड़ा मंच है, जहां दबाव में प्रदर्शन करके खिलाड़ी खुद को वैश्विक स्तर पर साबित करते हैं। ग्रुप ए में भारत को पाकिस्तान, यूएसए, नीदरलैंड और नामीबिया के साथ रखा गया है। भारत 7 फरवरी को वानखेड़े स्टेडियम में यूएसए के खिलाफ अपने अभियान की शुरुआत करेगा, जबकि पाकिस्तान से उसका बहुप्रतीक्षित मुकाबला 15 फरवरी को कोलंबो में खेला जाएगा।

# तीसरे एकदिवसीय के लिए बेहद महंगा वाटरप्यूरीफायर लेकर इंदौर आये हैं शुभमन

इंदौर । भारत और न्यूजीलैंड के बीच आज यह यहां के होल्कर क्रिकेट स्टेडियम में होने वाले तीसरे व अंतिम एकदिवसीय मैच के लिए प्रशंसकों में जबरदस्त उत्साह है। दोनो ही टीमें इस मैच के लिए पूरी तरह से तैयार हैं । सीरीज में दोनो ही टीमें 1-1 से बराबरी पर होने के कारण इस मैच में कड़े मुकाबले की संभवना है। इस बार मैच में खेल से अधिक खिलाड़ी पानी को लेकर सावधानी बरत रहे हैं क्योंकि हाल में यहां कई लोगों की खराब पानी पीने से मौत हुई है। इसी को देखते हुए भारतीय टीम के कप्तान शुभमन गिल एक महंगा वॉटर प्यूरीफायर लेकर पहुंचे । इसकी खासियत ये है कि ये सादे पानी को ही नहीं, बल्कि आरओ और पैकेज्ड वॉटर को भी पूरी तरह से साफ बना देता है जिससे किसी प्रकार के संक्रमण का खतरा नहीं रहता हालाकि भारती टीम इंडिया जिस शहर में रुकती है वह शीर्ष स्तर का होता है । शुभमन इसके बाद भी कोई जोखिम लेकर नहीं लेना चाहते हैं। भारतीय टीम के साथ हमेशा एक रसोईया भी रहता है, जो अलग-अलग खिलाड़ियों की डाइट के अनुसार खाना तैयार करता है । खिलाड़ियों को अच्छी डाइट उनके अच्छी फिटनेस के लिए मिले, इसके लिए बीसीसीआई हर मैच के लिए एक रसोईया भेजती है, जो होटल में ही रहकर खिलाड़ियों के लिए खाना तैयार करते हैं । इससे साफ होता है कि जितने खिलाड़ी अपनी सेहत को लेकर सजग रहते हैं, उतना ही भारतीय बोर्ड (बीसीसीआई) भी खिलाड़ियों का सहयोग करती है ।



# भारत का फीफा विश्व कप खेलने का सपना अब भी जीवंत है: अनुभवी डिफेंडर आशालता देवी



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** भारतीय महिला फुटबॉल की दिग्गज खिलाड़ी आशालता देवी का कहना है कि फीफा महिला विश्व कप में देश को खेलते हुए देखने का सपना अब भी जीवंत है, लेकिन इसके साथ ही उन्होंने कहा कि विश्व के शीर्ष खिलाड़ियों के साथ अंतर को पाटने के लिए जमीनी स्तर पर निरंतर प्रगति महत्वपूर्ण है।

आशालता ने पीटीआई वीडियो से कहा, 'विश्व कप में खेलने का हमारा सपना अभी भी जीवित है। हमें इस समय और भी ज्यादा मेहनत करनी होगी।' इस अनुभवी डिफेंडर ने कहा कि तीनों राष्ट्रीय टीमें अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम एएफसी एशियाई चैंपियनशिप के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं, जिससे 2026 भारत में महिला फुटबॉल के लिए एक निर्णायक वर्ष साबित हो सकता है।

उन्होंने कहा, 'अंडर-17, अंडर-19 और सीनियर टीम पहले ही एएफसी (प्रतियोगिताओं) के लिए क्वालीफाई कर चुकी हैं। अगर हम वहां अच्छा प्रदर्शन करते हैं, तो जाहिर है कि विश्व कप का हमारा सपना पूरा हो सकता है। हमारा यह सपना अभी भी जीवित है।' भारत की तरफ से 100 से अधिक अंतरराष्ट्रीय मैच खेलने वाली आशालता ने कहा कि सीनियर टीम लगातार अच्छी प्रगति कर रही है लेकिन अभी वह विश्वस्तरीय मानकों से काफी पीछे है। उन्होंने कहा, ''हम लंबे समय से बेहतर प्रदर्शन कर रहे हैं, लेकिन फिर भी विश्वस्तरीय मानकों तक नहीं पहुंचे हैं। मुझे खिलाड़ियों पर पूरा भरोसा है। मुझे पूरी उम्मीद है कि इस बार हम विश्व कप के लिए क्वालीफाई करने में सफल रहेंगे।'

आशालता ने कहा कि खेल की जमीनी स्तर पर तत्काल ध्यान देने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'समस्या यह है कि हम बुनियादी बातों को छोड़ देते हैं और सीधे तकनीकी पहलुओं पर चले जाते हैं। मैंने 13 साल की उम्र में फुटबॉल खेलना शुरू किया था। अब कई खिलाड़ी 10 या 11 साल की उम्र में शुरू करते हैं। लेकिन अगर हम 5-6 साल की उम्र में शुरू करें तो खेल की बारीकियां अच्छी तरह से सीख सकते हैं।'



# मैं मुस्लिम, रामायण हिंदू..

## AR Rehman ने रणबीर कपूर की फिल्म में काम करने को लेकर कही बड़ी बात

ऑस्कर विनर म्यूजिक कंपोजर एआर रहमान ने हाल ही में मुस्लिम होने के बावजूद फिल्म निर्माता नितेश तिवारी की अपकमिंग महाकाव्य फिल्म रामायण में काम करने के अपने एक्सपीरियंस को शेयर किया।

एआर रहमान ने साफ किया कि कला और ज्ञान को धार्मिक सीमाओं में बांधा नहीं जा सकता। इस प्रोजेक्ट में ऑस्कर विजेता संगीतकार हंस जिमर के साथ काम कर रहे संगीतकार ने बताया कि उनकी परवरिश ने उन्हें बचपन से ही भारतीय महाकाव्यों से परिचित कराया।

**8 साल से नहीं मिला काम?**

बीते दिनों हमने आपको बताया था कि एआर रहमान ने कहा था कि बॉलीवुड इंडस्ट्री में उन्हें पिछले 8 सालों से काम नहीं मिला है और इसकी वजह उन्होंने इंडस्ट्री में होने वाली राजनीति को बताया था। सिंगर ने अपने करियर और धार्मिक विश्वास को लेकर कई सारी बातें कीं। हाल ही में हुई एक बातचीत में, रहमान ने रामायण में अपनी भागीदारी के बारे में बात करते हुए आस्था और पहचान से जुड़े सवालों के जवाब भी दिए। उन्होंने धार्मिक विभाजन और छोटी सोच से ऊपर उठने की आवश्यकता पर जोर दिया।

**ब्राह्मण स्कूल में की पढ़ाई**

रहमान ने कहा, 'मैंने एक ब्राह्मण स्कूल में पढ़ाई की है, और हर साल हमारे यहां रामायण और महाभारत पढ़ाया जाता था, इसलिए मैं कहानी जानता हूं।' रहमान ने कहा कि समाज को छोटी सोच से ऊपर उठने की जरूरत है। उन्होंने कहा, 'मुझे लगता है कि हमें संकीर्ण मानसिकता और स्वार्थ से ऊपर उठना होगा। जब हम ऊपर उठते हैं, तो हम तेजस्वी हो जाते हैं, और यह बहुत महत्वपूर्ण है।' उन्होंने आगे कहा कि उन्हें रामाण जैसे प्रोजेक्ट का हिस्सा होने पर गर्व है जो वैश्विक मंच पर भारत का प्रतिनिधित्व करता है। रहमान ने कहा, 'हंस जिमर यहूदी हैं, मैं मुसलमान हूं, और रामायण हिंदू धर्म पर आधारित है। यह भारत से पूरी दुनिया के लिए प्रेम के साथ आ रहा है। जिन लोगों को जानकारी नहीं है, उन्हें बता दें कि मद्रास में दिलीप कुमार राजगोपाला के रूप में जन्मे रहमान ने 1989 में इस्लाम धर्म अपना लिया था।

# करिश्मा कपूर को SC का नोटिस

## दिखाने होंगे तलाक के कागज, संजय कपूर की बहन ने प्रिया सचदेव को फटकारा

**संजय** कपूर की दोनों पत्नियों- एक्स वाइफ करिश्मा कपूर और तीसरी पत्नी प्रिया कपूर के बीच कानूनी विवाद चल रहा है। संजय की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर विवाद है, जिसमें कोर्ट ने करिश्मा को तलाक के रिकॉर्ड दिखाने को कहा है। कोर्ट ने प्रिया कपूर की याचिका पर जवाब मांगा है।

**कोर्ट ने करिश्मा कपूर से मांगा जवाब**

सुप्रीम कोर्ट ने एक्ट्रेस करिश्मा कपूर को नोटिस जारी कर प्रिया कपूर की उस याचिका पर जवाब मांगा है जिसमें उन्होंने संजय कपूर से 2016 में हुए करिश्मा के तलाक के रिकॉर्ड मांगे हैं। प्रिया कपूर दिवंगत संजय कपूर की तीसरी पत्नी हैं और फिलहाल करिश्मा कपूर के बच्चों के साथ अपने पति की 30,000 करोड़ रुपये की संपत्ति को लेकर कानूनी लड़ाई लड़ रही हैं। सुनवाई के दौरान करिश्मा कपूर के वकील ने याचिका का कड़ा विरोध करते हुए इसे बेबुनियाद और निजी कहा। न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की अध्यक्षता वाली पीठ ने सुनवाई करते हुए करिश्मा को अपनी आपत्ति बताने के लिए



कहा और उन्हें जवाब दाखिल करने के लिए दो हफ्ते का समय दिया।

**प्रिया ने करिश्मा से की डिमांड**

प्रिया ने अपने आवेदन में करिश्मा और संजय के तलाक के कागज दिखाने को कहा है। ताकि उनके दिवंगत पूर्व पति द्वारा किए गए दावों और बच्चों पर खर्च की व्यवस्थाओं का पता लगाया जा सके। इस मामले में संजय कपूर की बहन मंधिरा कपूर स्मिथ ने कहा, 'यह सब मामले से ध्यान भटकाने की कोशिश है। पहली बात तो यह है कि अगर मेरे भाई को यह बात उनसे शेयर करनी होती, तो वे शादी के दौरान ही कर देते। इसलिए, मुझे समझ नहीं आता कि वह यह सब क्यों कर रही हैं।'

**संजय कपूर की बहन भी बोलीं**

उन्होंने आगे कहा, 'मुझे लगता है कि तलाक गोपनीय मामला होता है। करिश्मा और संजय के बच्चे हैं। ऐसा नहीं है कि बिना बच्चों के तलाक हो जाता है। मुझे नहीं लगता कि यह किसी और का निजी मामला है, सिवाय उन दो लोगों के जो इसमें शामिल हैं।'



## Dhanush के साथ शादी की खबरों पर Mrunal Thakur का जवाब, कहा- 'लोग कुछ भी...'

सेलिब्रिटी की शादियों को लेकर अफवाहें अक्सर तथ्यों से ज्यादा तेजी से फैलती हैं। इस बार मृणाल ठाकुर और धनुष इसका केंद्र बने। सुबह ये खबर आई कि कपल वैलेंटाइन्स डे के मौके पर 14 फरवरी को सात फेरे लेने वाले हैं। हालांकि मृणाल ने फैंस के दिल में ये खुशी ज्यादा देर टिकने नहीं दी। फैंस को अभी थोड़ा और इंतजार करना पड़ेगा। हिन्दुस्तान टाइम्स ने एक्ट्रेस के कीरीबी से संपर्क किया जहां उन्होंने शादी की अफवाह को पूरी तरह से नकार दिया है।

**क्या वाकई शादी कर रहे मृणाल और धनुष?**



अभिनेत्री के करीबी एक सूत्र ने स्पष्ट किया कि शादी की खबरों में बिल्कुल भी सच्चाई नहीं है। उन्होंने कहा- 'मृणाल अगले महीने शादी नहीं कर रही हैं। यह एक अफवाह है जो बेवजह फैल रही है।' इस तरह कपल की शादी को लेकर उत्साहित फैंस की खुशी पल में छूमंतर हो गई। उन्होंने आगे बताया कि शादी की जो तारीख बताई जा रही है उस दौरान मृणाल की 'दो दीवाने शहर में'में रिलीज होने वाली है। इस मूवी में वो सिद्धांत चतुर्वेदी के साथ नजर आएंगी। इस वजह से इस बात की और भी पुष्टि नहीं होती। इसके बाद मार्च में उनकी एक तेलुगु फिल्म रिलीज होने वाली है।

# Don लौट आया!

## रणवीर के आउट होते ही Shah Rukh Khan ने 'डॉन 3' के लिए बोला हां, सिर्फ एक शर्त पर करेंगे फिल्म?



फरहान अख्तर की सुपरहिट फ्रेंचाइजी डॉन के तीसरे पार्ट को लेकर एक्साइटमेंट तो बहुत है, लेकिन यह फिल्म शुरू ही नहीं हो पा रही है। पहले रणवीर सिंह शाह रुख खान को रिप्लेस कर डॉन बनने वाले थे, लेकिन धुरंधर की रिलीज के बाद एक्टर के भी डॉन 3 छोड़ने की खबरें आने लगीं। फिर एक और एक्टर को फिल्म के लिए अप्रोच किया गया। मगर अब खबर है कि मेकर्स की आखिरी सुई अब असली डॉन यानी शाह रुख खान पर अटक गई है। इसका मतलब डॉन 3 में भी शाह रुख ही गैंगस्टर बनकर धमाल मचाने वाले हैं, लेकिन सिर्फ एक शर्त पर। ऐसी चर्चा है कि शाह रुख खान ने फरहान अख्तर के सामने एक शर्त रखी है और वह उसी शर्त पर डॉन 3 करेंगे।

**शाह रुख की डॉन 3 में वापसी?**

टेलीचक्कर की रिपोर्ट की मानें तो शाह रुख खान डॉन 3 करने के लिए मान गए हैं और अपने आइकॉनिक रोल में वापसी के लिए एक्साइटेड भी हैं। हालांकि, उन्होंने फरहान अख्तर के सामने एक शर्त रख दी है जो उनकी ब्लॉकबस्टर फिल्म जवान के डायरेक्टर एटली से जुड़ी है।

**शाह रुख ने डॉन 3 के लिए क्या रखी शर्त?**

रिपोर्ट्स में दावा किया गया है कि शाह रुख तभी डॉन 3 का हिस्सा बनेंगे, जब एटली को फ्रेंचाइजी का हिस्सा बनाया जाएगा। बताया जा रहा है कि एक्टर फिल्म का स्केल और दर्शकों के बीच एक्साइटमेंट बढ़ाने के लिए एटली को शामिल करने की बात कह रहे हैं। हालांकि, अभी तक कोई फाइनल फैसला नहीं लिया गया है। मेकर्स और स्टार्स की तरफ से भी इसको लेकर कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं की गई है। ऐसे में दैनिक जागरण इसका दावा नहीं करता है।

**डॉन-डॉन 2 से धमाल मचा चुके हैं शाह रुख**

बात करें डॉन 3 की तो यह फरहान अख्तर की हिट फ्रेंचाइजी का हिस्सा है। डॉन और डॉन 2 में शाह रुख खान ने अपने आइकॉनिक रोल्स से दर्शकों का दिल चुरा लिया था। हालांकि, तीसरे पार्ट में रणवीर सिंह उनकी जगह लेने वाले थे लेकिन अब उनका पत्ता भी कट गया है। यह भी कहा जा रहा था कि ऋतिक रोशन डॉन 3 में आ सकते हैं। अब देखते हैं कि शाह रुख की फिल्म में वापसी होती है या नहीं।

## TMKOC में पत्रकार पोपटलाल की होगी शादी!



**तारक** मेहता का उल्टा चश्मा ' पिंक सिटी जयपुर की में मजेदार एपिसोड के लिए पूरी तरह तैयार है। हाल ही में, पूरी कास्ट ने पहली बार जयपुर में कुछ एपिसोड की शूटिंग की। शहर की संस्कृति और सेलिब्रेशन का माहौल हर किसी को पसंदआ रहा है। ये सब पोपटलाल से जुड़ा है। जयपुर के इस एपिसोड में, पोपटलाल, रूपा रतन का परिवार और टप्पू सेना शहर में पहुंचते नजर आएंगे। रूपा को एक रिश्तेदार का फोन आएगा। रिश्तेदार पोपटलाल के लिए एक रिश्ते का प्रस्ताव रखेगा, लेकिन एक शर्त के साथ। होने वाली दुल्हन एक अनोखी शर्त रखेगी। वह कहेगी कि मकर संक्रांति के दौरान जो भी उसकी पतंग काटेगा, वही उससे शादी करेगा। जैसे-जैसे मजा आगे बढ़ता है, पोपटलाल बढ़ती उम्मीदों और चुनौतियों के बीच फंसा हुआ नजर आएगा। हर पल एक नया सरप्राइज लेकर आता है, जिससे दर्शक यह सोचने पर मजबूर हो जाते हैं कि क्या पोपटलाल आखिरकार मंडप तक पहुंच पाएगा या किस्मत ने कुछ और ही तय कर रखा है। शूटिंग की कई तस्वीरें और वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए हैं, क्योंकि टीम ने असली लोकेशन पर शूटिंग की है। टप्पू सेना से लेकर पोपटलाल तक, जयपुर के लोग अपने पसंदीदा कलाकारों को अपने शहर में शूटिंग करते देखकर बेहद खुश थे।

# सलमान खान से लेकर कपिल शर्मा तक, बी प्राक से पहले बिश्नोई गैंग ने इन कलाकारों को दी धमकी



**लॉरेंस** बिश्नोई गैंग ने सिंगर बी प्राक को धमकी दी है। इससे पहले बिश्नोई गैंग ने कई कलाकारों को धमकी दी है। बिश्नोई गैंग ने ज्यादातर धमकी उन कलाकारों को दी है जो सलमान खान से जुड़े हैं।

सिंगर बी प्राक को लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने धमकी दी है। धमकी के साथ सिंगर से 10 करोड़ रुपये भी मांग गए हैं। धमकी में कहा गया है 'दस करोड़ दो वरना मिट्टी में मिला देंगे...।' सिंगर बी प्राक को मिली धमकी सिंगर दिलनूर को भेजे गए ऑडियो रिकॉर्डिंग के जरिए दी गई है। सिंगर बी प्राक बॉलीवुड के मशहूर सिंगर हैं। इससे पहले लॉरेंस बिश्नोई गैंग ने कई सेलेब्स को धमकी दी है। दिग्गज अभिनेता सलमान खान को बिश्नोई गैंग से लगातार धमकियां मिली हैं। उनके घर पर 14 अप्रैल 2024 को हमला भी हुआ था। इसकी वजह से उनकी सुरक्षा बढ़ाई गई। बताया जाता है कि सलमान खान ने कथित तौर पर काले हिरण का शिकार किया था जिसकी वजह से उन्हें धमकियां मिल रही हैं। भोजपुरी स्टार पवन सिंह को सात दिसंबर 2025 को बिश्नोई गैंग से धमकी मिली थी। धमकी में कहा गया था 'सलमान खान के साथ काम न करें।' पवन सिंह 'बिग बॉस' के फाइनल में बतौर मेहमान शामिल होने वाले थे, इससे पहले उन्हें धमकी मिली। धमकी के बाद भी पवन सिंह शो में शामिल हुए थे।

कपिल शर्मा को अगस्त 2025 में बिश्नोई गैंग से धमकी मिली थी। पहले कनाडा में मौजूद उनके कैफे पर हमला हुआ। इसके बाद उनको गैंग से धमकी मिली है। बताया गया कि कॉमेडियन ने सलमान को 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' सीजन 2 में बुलाया था। इसलिए उन्हें धमकी मिली थी। धमकी का ऑडियो सामने आया था, जिसमें कहा गया था 'जो सलमान के साथ काम करेगा वो मरेगा।' 14 दिसंबर 2024 को राजपाल यादव को एक ई-मेल मिला था जिसमें उन्हें जान से मारने की धमकी मिली थी। राजपाल यादव ने इसकी शिकायत पुलिस से की थी। अंबोली पुलिस स्टेशन के पुलिस निरीक्षक सदाशिव निकम ने बताया 'मेल भेजने वाले ने बिश्नोई गिरोह का सदस्य होने का दावा किया है।



# अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने अलीबाग में खरीदी 5.1 एकड़ जमीन

अनुष्का शर्मा और विराट कोहली बॉलीवुड और खेल जगत के चर्चित कपल्स में से एक हैं, जो अक्सर ही किसी न किसी वजह को लेकर सुर्खियों में रहते हैं।

अब हाल ही में इस कपल की ओर से खबर सामने आ रही है कि अनुष्का शर्मा और विराट कोहली ने मिलकर अलीबाग में एक प्रॉपर्टी खरीदी है, जिसके लिए उन्होंने मोटी रकम अदा की है। लेटेस्ट रिपोर्ट के मुताबिक, विराट-अनुष्का पिछले महीने ट्रिप के दौरान अलीबाग गए थे और तभी इन्होंने एक और प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसका सौदा अब उन्होंने पक्का कर लिया है। रिपोर्ट के अनुसार, एक्ट्रेस अनुष्का शर्मा और उनके क्रिकेटर पति ने 5.1 एकड़ जमीन खरीदी है, जिसके लिए उन्होंने लगभग 37.86 करोड़ रुपये खर्च किए हैं। प्रॉपर्टी के कागजों से यह जानकारी सामने आई है। बताया जा रहा है कि जीराद गांव में स्थित यह जमीन समीरा लैंड एसेट्स प्राइवेट लिमिटेड की निदेशक सोनाली अमित राजपूत से खरीदी गई है।

डेटा एनालिटिक्स फर्म सीआरई मैट्रिक्स ने पुष्टि की है कि दो जमीनों के इस सौदे का रजिस्ट्रेशन 13 जनवरी को हुआ था। रिपोर्ट के अनुसार, विराट कोहली के भाई विकास कोहली ने उनकी ओर से सारे पेपर वर्क किए। स्टांप ड्यूटी के लिए लगभग 2.27 करोड़ रुपये का भुगतान किया गया। बता दें, अनुष्का-विराट का यह अलीबाग में दूसरा बड़ा निवेश है।

साल 2022 में कपल ने रियल एस्टेट डेवलपर समीरा हैबिटेट्स से दो अलग-अलग प्रॉपर्टी खरीदी थी, जिसमें 19.24 करोड़ रुपये में लगभग आठ एकड़ जमीन शामिल थी। उस जमीन पर विरुष्का ने एक आलीशान हॉलिडे होम बनाया है।

# अर्चना पूरन सिंह के पति ने शराब पीने को लेकर उड़ाया बीवी का मजाक, काला नमक चावल की रेसिपी पूछने लगे लोग





**अर्चना** पूरन सिंह एक बार फिर अपने नए व्लॉग को लेकर आ चुकी हैं। और इस बार उनके पति ही उनका मजाक उड़ाते नजर आए, वो भी शराब पीने को लेकर। अर्चना ने कहा कि कपिल शर्मा ने उनका नाम खराब किया है। फिर लोगोंने उनसे काला नमक चावल की रेसिपी पूछी। अर्चना पूरन सिंह अपने यूट्यूब चैनल पर 'आप का परिवार' नाम से एक नया व्लॉग लेकर वापस आ गई हैं। इस बार उनका पूरा परिवार घर पर साथ समय बिता रहा है और वे अपने रूटीन को कैमरे में कैद कर रहे हैं।

व्लॉग के दौरान, अर्चना और उनके पति परमीत सेठी ने ब्रांड प्रमोशन और घर में कौन ज्यादा जगह घेरता है, जैसे मुद्दों पर मजेदार बातचीत की। डीडीएलजे एक्टर ने यह भी बताया कि एकता कपूर पर उनके खोए हुए अरमानी सूट के 2 लाख रुपये बकाया हैं। व्लॉग की शुरुआत में, सेठी परिवार ने एक साथ फुटबॉल मैच देखा, फिर वे अपने-अपने कामों में लग गए।

अर्चना एक ब्रांड के साथ मीटिंग में शामिल हुईं, जिसका वे प्रचार करती हैं, और उन्होंने कहा, 'मीटिंग अच्छी रही। मुझे ऐसे ब्रांड्स के साथ काम करना पसंद है जो मेरे वैल्यू से मेल खाते हों, जहां मुझे ऐसी कोई चीज न बेचनी पड़े जिस पर मुझे विश्वास न हो।' परमीत ने उनसे पूछा, 'तो, आप शराब नहीं बेचेंगी?' अर्चना ने जवाब दिया, 'आप शराब बेचेंगे। और आपके शरीर में जितनी शराब भरी है, आप उसे पूरे भारत में बेच सकते हैं। मेरे बारे में बात मत करो, मैं शराब नहीं पीती। मेरा नाम कपिल ने खराब किया है।'

स्वामी मुद्रक व प्रकाशक अनुज कुमार के द्वारा एजीएस पब्लिकेशंस एफ 23, सेक्टर 6, गौतम बुध नगर, उत्तर प्रदेश 201301 से मुद्रित व गांव बुखारीपुर, पोस्ट ढवारसी, तहसील हसनपुर, जनपद अमरोहा, उत्तर प्रदेश पिन कोड 244242 से प्रकाशित।

संपादक-अनुज कुमार, R.N.I. No.-UPHIN/2023/86483, मो0.945688 4327, E-mail-officialsabkasapna@gmail.com, www.sabkasapna.com नोट- समस्त विवादों का न्यायिक क्षेत्र अमरोहा जनपद न्यायालय होगा।